आपका अखबार-आपके समाचार
गुड़गांव मेल
साइबर सिटी का पहला सांध्य हिन्दी दैनिक
, मूल्य : 2.00 रुपए
गुड़गांव, सोमवार, 15 फरवरी, 2010
website : www.g



# कार में साथ चलें तेल बचाएं

## स्यवंसेवी संस्था सुधा ने अनोखे ढ़ंग से मनाया वेलेंटाईन-डे

गुड़गांव मेल

गुड़गांव स्थित एक स्वंय सेवी संगठन ने अपने प्रयास से सुधार सुधा से कार्यक्रम के अंर्तगत एक अतिविशिष्ट वेलेन्टाइन डे समारोह का आयोजन आर्ट ऑफ लिविंग गुड़गांव जीने की एक कला के प्रशिक्षकों तथा स्वयं सेवकों के सहयोग से किया तथा नारा दिया कि कार में साथ चलें ईधन बचाये सड़क की भीड़ कम करें। पांच सौ से अधिक सदस्यों ने इस समारोह में हिस्सा लिया। आप जब भी अपने कार्यालय, बाजार या थियेटर जाते हैं तो सड़क पर कारों की भीड़ देखकर परेशान हो उठते हैं। इस जटिल समस्या के समाधान का अत्यंत सरल उपाय है। हम आपस में कार के उपयोग में सहभागी बन कर सड़क की भीड़भाड़ से बच सकते है तथा प्रदूषण में कम कर सकते हैं। इसके लिये योजना सहयोग तथा परस्पर संपर्क की आवश्यकता है। इसके लिये हम अपने शहर को प्रदूषण मुक्त तथा आने वाली पीढ़ी के लिये मार्ग दर्शन दे सकते हैं। सुधा संस्था के संस्थापक अध्यक्ष जी.के. भटनागर जी ने कहा कि इस व्यवस्था से हम ईधन बचा सकते है, यातायात सुगम बना सकते हैं, गंतव्य स्थन तक कम समय में पहुंच है। साथ ही आपसी भाईचारा मजबूत कर सकते हैं। अतः इस वेलेनटाइन डे के शुभ अवसर पर परस्पर एक दूसरे के लिये लिये प्रेम भावना प्रदर्शित करें तथा नगर के लिए एक अच्छी व्यवस्था का शुभारम्भ करें साथ चलें, शांत रहे, पर्यावरण की रक्षा करें पूल करिये, कूल रहिये, ग्लोबल वार्मिंग से दूर रहिये संस्था ने इस भवन का विस्तार व्यवसायिक प्रतिष्ठान, प्रतिदिन यात्रा करने वाले, युवा तथा अन्य वर्ग तक करने का निश्चय किया है। एक विलासिता पूर्ण कार में सफर करने के गर्व के बजाय साथ चलने के आनन्द का अधिक महत्व है। संस्था ने इस संदेश को परस्पर वर्तालाप, सेमिनार पोस्टर्स बेनसै, आरडब्ल्यूए, कार स्क्रीन, प्रतिज्ञा पत्र, होडिंग, स्टीकर्स तथा समान विचार धारा संस्थाओं के सहयोग से कार्यक्रम को आगे करने का संकल्प लिया। आर्ट ऑफ लीविंग के सहयोग से उठाया गया यह छोटा सा कदम भविष्य में बहुत सुखद परिणाम लाडर समाज को लाभान्वित करेगा। इस दो दिवसीय कार्यक्रम में संस्था के अध्यक्ष जी.के. भटनागर, उपाध्यक्ष रामकिशन गुप्ता एवं जनरल सेक्रटरी श्रीमति उर्वशी सैनी एवं आर्ट ऑफ लीविंग के शिक्षक एवं कोऑर्डिनेटर गुड़गांव चेप्टर अजय चावला, सीमा चावला, वंदना आदेश, प्रमोद कुमार, विजिता भटनागर, बबीता अग्रवाल, नरेश अग्रवाल, राकेश कुमार, मनीष, संदीप, सुमन, मनोज, नूतन, सबरवाल, सुरेश कुमार, भारतेन्दु, साकेत, सरोप्रिय एवं गोरी आदि इस कार्यक्रम पर उपस्थित थे। सुधा चार ओपन स्कूल निर्धन बच्चों के लिए निशुल्क शिक्षा तथा स्वास्थ्य सेवा की व्यवस्था कर रही है।



दैनिक भास्कर | रायपुर
रायपुर . शनिवार . 2 जनवरी, 2010

# सुधा द्वारा निःशुल्क शिविर का आयोजन किया गया





रायपुर | स्वयंसेवी संस्था सुधा द्वारा अपने सुधा से सुधार कार्यक्रम के अंतर्गत 1 जनवरी को शुभ कार्य की शुरुआत लोधीपारा स्थित आंगनबाड़ी से की गई जिसमें बच्चों को स्वस्थ्य एवं मजबूत दांतों की हिदायत दी गई। इस दौरान निर्धन बच्चों के लिए आंगनबाड़ी में उपस्थित सभी को ड्राईंग एवं पेंटिंग प्रतियोगिता में हिस्सा लिया। सर्वश्रेष्ठ ड्राईंग व पेंटिंग बनाने वाले बच्चों को संस्था की ओर से डॉ. विभा वरू द्वारा पुरस्कृत किया गया। इस अवसर पर संस्था के अध्यक्ष गोपालकृष्ण भटनागर, छत्तीसगढ़ के क्षेत्रीय निदेशक सतभटनागर, वर्ष मेघनी आदि उपस्थित थे। इसी कड़ी में 2 जनवरी को शाम 6 से 7.30 बजे तक निर्धन बच्चों के लिए विभिन्न प्रतियोगिताओं का आयोजन किया जा रहा है।

# ...पुर सिटी

# नववर्ष की शुरुआत मुस्कान के साथ

- सामाजिक और राजनीतिक संगठनों का कार्यक्रम

रायपुर। नववर्ष की शुरुआत मुस्कान के साथ हुई। सामाजिक व राजनीतिक संगठनों द्वारा आयोजित कार्यक्रम में बच्चों और बड़े दोनों ने बढ़-चढ़ कर हिस्सा लिया। एक तरफ जहाँ अनाथ और गरीब बच्चों के चेहरे पर मुस्कान बिखरी, वहीं भीड़भाड़ वाले स्थानों पर लोगों को फूल भेंट किए गए। धार्मिक स्थानों पर भी लोगों की रौनक बनी रही। कई सामाजिक संस्था ने बीते साल की खुशियाँ समेटकर उसे नए साल में जोड़ने का प्रयास किया। पारंपरिक खेल और रीति-रिवाज के कार्यक्रम ने नए वर्ष की खुशी को दोगुना कर दिया।

**बच्चों की आकर्षक पेंटिंग :** समाजसेवी संस्था सुधा द्वारा आयोजित पेंटिंग एवं ड्राइंग प्रतियोगिता में निर्धन बच्चों ने आकर्षक प्रस्तुति दी। सर्वश्रेष्ठ ड्राइंग एवं पेंटिंग बनाने वाले बच्चों को संस्था की ओर से डॉ. विभा वर ने पुरस्कृत किया। इससे पहले संस्था ने लोधीपारा स्थित आंगनबाड़ी में निःशुल्क दंत परीक्षण शिविर का आयोजन किया। इस मौके पर गुड़गाँव के आए संस्था के अध्यक्ष गोपाल कृष्ण भटनागर, राज्य के क्षेत्रीय निदेशक सतभटनागर व कार्यकर्ता वर्षा मेघानी उपस्थित थीं। शनिवार को कचहरी चौक स्थित बाल आश्रम में विभिन्न प्रतियोगिता का आयोजन किया गया है।

**तेली समाज का सांस्कृतिक कार्यक्रम :** महाराष्ट्रीयन तेली समाज ने बलीराम पंत सांस्कृतिक भवन अविवर्तनगर में सांस्कृतिक कार्यक्रम आयोजित किया। विभिन्न प्रतियोगिताओं में रंगोली, कुर्सी दौड़, रस्सी दौड़, एक मिनट शो में महिलाओं ने बढ़-चढ़ कर हिस्सा लिया। इसके बाद सांस्कृतिक और रीति-रिवाज से संबंधित कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में शोभा ताई कुबलकर, प्रतिभा कापसे, श्रद्धा मलपड़े, वंदना बंजारी, जयश्री आदि उपस्थित थीं।

**बेहतर नागरिक सुविधाओं की अपील :** नगर-निगम आयुक्त ओमप्रकाश चौधरी ने निगम अधिकारी और कर्मचारियों को नववर्ष की शुभकामनाएँ देते हुए सकारात्मक सोच और बेहतर नागरिक सुविधाएँ प्रदान करने की अपील की। उन्होंने कहा कि सकारात्मक सोच हमें प्रेरक और उत्कृष्ट कार्य करने की शक्ति देता है। राजधानी के लिए विकास नववर्ष में नई सोच अपनानी होगी।

**पावर कंपनी का कैलेंडर विमोचित :** राज्य पॉवर कंपनी ने शुक्रवार को विद्युत सेवा भवन प्रांगण डगनिया में नववर्ष मिलन समारोह मनाया। समारोह के मुख्य अतिथि पॉवर कंपनी के अध्यक्ष पी.जॉय उम्मेन ने कर्मचारियों को नववर्ष की बधाई देते हुए कैलेंडर एवं डायरी का विमोचन किया।

**युवाओं ने फूल भेंट किए :** भारतीय युवा कांग्रेस के कार्यकर्ताओं ने शहर के हृदय स्थल जयस्तंभ चौक पर लोगों को गुलाब फूल भेंट किए। उन्होंने लोगों से अपील की कि वे देश और समाज की एकता के लिए योगदान दें। फूल की तरह मुस्कुराते रहें। कार्यक्रम में [illegible] के राष्ट्रीय संयोजक [illegible], [illegible], [illegible] आदि शामिल थे।

**जानकी मंदिर में महाआरती :** नववर्ष के स्वागत में पंचमुखी हनुमान मंदिर [illegible] में हवन व महाआरती की गई। कार्यक्रम में सिविल लाइन के पार्षद [illegible], [illegible] मेघानी आदि उपस्थित थे।



नगर निगम में मना नववर्ष।






पुरस्कार वितरित करते सुधा के कार्यकर्ता। जानकी मंदिर में महाआरती।



लोगों को फूल भेंट करते युवा कांग्रेसी।

# तिरंगा फहराने में बच्चों ने दिखाया उत्साह





गणतंत्र दिवस के अवसर पर स्कालर्स प्राइड स्कूल में कार्यक्रम प्रस्तुत करते बच्चे। चक्करपुर स्थित मारुति विहार के सामुदायिक भवन में आयोजित पेंटिंग प्रतियोगिता में हिस्सा लेते प्रतिभागी।

**गुड़गांव, जागरण संवाद केंद्र :** गणतंत्र दिवस पर प्रशासनिक महकमा से लेकर चारों ओर जश्न का माहौल रहा। स्कूली बच्चे हो या झुग्गी के, हर एक के हाथों में तिरंगा फहराने की उमंग देखी गई।

सेक्टर पांच स्थित स्कालर्स प्राइड स्कूल में बच्चों ने तिरंगा फहराने के बाद सांस्कृतिक कार्यक्रम का आयोजन किया। स्कूली बच्चों ने सांस्कृतिक कार्यक्रम में हरियाणवी नृत्य प्रस्तुत किए। इस मौके पर स्कूल के एमडी अजित कटारिया, प्राचार्य

### स्कूली बच्चों ने हरियाणवी नृत्य प्रस्तुत किए

शशि राणा एवं स्कूल के सभी शिक्षक-शिक्षिका उपस्थित थे। वहीं चक्करपुर स्थित मारुति विहार एसोसिएशन द्वारा वहां के कम्युनिटी सेंटर में झंडातोलन किया गया।

इस मौके पर चित्र प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। इसमें काफी संख्या में बच्चों ने भाग लिया। मौके पर मुख्य अतिथि के रूप में पूर्व सरपंच अनिल यादव, प्रधान राजपाल सहित रामवीर, डीआर सैनी आदि उपस्थित थे। गरीब बच्चों के लिए चलाए जा रहे सुधा संस्था की ओर से समारोह का आयोजन किया गया।

बच्चों के बीच कपड़े एवं खिलौने बांटे गए। खास बात यह रही कि बच्चे अपने हाथों से तिरंगा बना कर लाए थे। समारोह में मुख्य अतिथि के रूप में सौम्या हस्लेकर, जीके भटनागर, प्रमोद कुमार आदि उपस्थित थे।

नईदुनिया
नईदुनिया मीडिया प्रा. लि. का प्रकाशन

## सुधा संस्था ने मनाया मातृत्व दिवस

**गुड़गांव।** सुधा संस्था ने अपने कार्यक्रम सुधार सुधा के अंतर्गत मातृत्व दिवस का आयोजन किया। साउथ सिटी में आयोजित इस कार्यक्रम में विभिन्न सांस्कृतिक प्रस्तुतियां दी गई। वंदना आदेश व प्रभा प्रभाकरन ने दीप प्रज्जवलित करके कार्यक्रम का शुभारंभ किया गया।

इस अवसर पर पूर्णिमा, नेहा भंडारी व वंदना आर्य ने देश भक्ति के गीत गाकर समां बांध दिया। इसके अतिरिक्त पारुल, प्रमोद, वंशीका, पुष्पागी ने भी गीत गाये। सुधा संस्था के अंगर्गत पढ़ने वाले जरुरतमंद बच्चों ने गणेश वंदना गायी।

संस्था ने बच्चों को निशुल्क पढ़ाने वाले अराधना मलिक, नेहा अरोड़ा, बबीता अग्रवाल सहित अन्य स्वयंसेवकों को सम्मानित किया। आर्ट आफ लिविंग की यश टीम ने नुक्कड़ नाटक की प्रस्तुति दी।

आपकी आवाज़ | पूरी हक़ीक़त सारा ज़माना
आज समाज
129, दिल्ली*, पृष्ठ-12+4, सोमवार, 10 मई 2010, शक संवत 1932, वैशाख कृष्ण 12, वैशाख मास की 27 प्रविष्टे, 25 जमादिउलअवल, सन हिजरी 1431, द्वादशी, आमंत्रण

## मातृ दिवस पर कार्यक्रम आयोजित

**गुड़गांव।** सुधा संस्था ने अपने कार्यक्रम सुधार सुधा के अंतर्गत रविवार को मातृत्व दिवस का आयोजन साउथ सिटी-2 में किया। कार्यक्रम का शुभारंभ वंदना आदेश एवं प्रभा प्रभाकरण ने संयुक्त रूप से दीप प्रज्जवलित कर किया। इस अवसर पर पूर्णिमा, नेहा भंडारी व वंदना आर्य ने देशभक्ति के गीत गाकर कार्यक्रम में समां बांधी। वहीं परूल, प्रमोद, वंशीका, पुष्पागी ने नृत्य प्रस्तुत

अमर उजाला नई दिल्ली, रविवार, 31 जनवरी, 2010

# गुड़गांव

## राष्ट्रपिता को जिलेभर में दी गई श्रद्धांजलि

गुड़गांव। राष्ट्रपिता महात्मा गांधी की पुण्यतिथि जिला भर में अहिंसा दिवस के तौर पर मनाई गई। इस मौके पर अतिरिक्त उपायुक्त अनिता यादव ने राष्ट्रपिता के चित्र पर पुष्प अर्पित कर उन्हें श्रद्धांजलि अर्पित की। इस अवसर पर दो मिनट का मौन भी रखा गया।

**कार्यक्रम**

**गांधीजी के दिखाए रास्ते पर चलने की अपील**

राष्ट्रपिता की पुण्यतिथि पर शनिवार को जॉन हाल में युद्ध स्मारक पर जिलास्तरीय कार्यक्रम आयोजित किया गया। इसमें अधिकारियों और कर्मचारियों के अलावा भूतपूर्व सैनिकों ने राष्ट्रपिता महात्मा गांधी के चित्र पर पुष्प चढ़ाकर श्रद्धांजलि अर्पित की। हरियाणा पुलिस के जवानों ने राष्ट्रपिता महात्मा गांधी को सलामी दी। अनिता यादव ने कहा कि महात्मां गांधी ने पूरे विश्व को सत्य और अहिंसा के मार्ग पर चलने की राह दिखाई। अहिंसा के रास्ते पर चलकर देश को आजादी दिलाई। हमें महात्मा गांधी के दिखाए गए रास्ते को अपने जीवन में अपनाना चाहिए। महात्मा गांधी की पुण्यतिथि पर सुधा से सुधार संस्था ने श्रद्धांजलि समारोह आयोजित किया। संस्था ने गायन के क्षेत्र में अपनी पहचान बनाने वाली छात्रा पूर्णिमा को सम्मानित किया। समारोह की अध्यक्षता रामकिशन गुप्ता ने की।

दैनिक भास्कर रायपुर
रायपुर, शनिवार, 2 जनवरी, 2010

# सुधा द्वारा निःशुल्क शिविर का आयोजन किया गया





रायपुर। स्वयंसेवी संस्था सुधा द्वारा अपने सुधा से सुधार कार्यक्रम के अंतर्गत 1 जनवरी को शुभ कार्य की शुरुआत लोधीपारा स्थित आंगनबाड़ी से की गई जिसमें बच्चों को स्वस्थ्य एवं मजबूत दांतों की हिदायत दी गई। इस दौरान निर्धन बच्चों के लिए आंगनबाड़ी में उपस्थित सभी को ड्राइंग एवं पेंटिंग प्रतियोगिता में हिस्सा लिया। सर्वश्रेष्ठ ड्राइंग व पेंटिंग बनाने वाले बच्चों को संस्था की ओर से डॉ. विभा वरु द्वारा पुरस्कृत किया गया। इस अवसर पर संस्था के अध्यक्ष गोपालकृष्ण भटनागर, छत्तीसगढ़ के क्षेत्रीय निदेशक [illegible] भटनागर, [illegible] मेघनी आदि उपस्थित थे। इसी कड़ी में 2 जनवरी को शाम 6 से 7.30 बजे तक निर्धन बच्चों के लिए विभिन्न प्रतियोगिताओं का आयोजन किया जा रहा है।

# नेशनल लुक

नेशनल लुक
[redacted]
रायपुर, शनिवार 2 जनवरी 2010
[redacted]
राजधानी लुक





## 40 बच्चे हुए लाभान्वित

### आंगनबाड़ी में निःशुल्क दंत परीक्षण शिविर आयोजित

रायपुर. स्वयं सेवी संस्था सुधा द्वारा अपने सुधा से सुधार कार्यक्रम के तहत आज लोधीपारा स्थित आंगनबाड़ी केंद्र में बच्चों के लिए निःशुल्क दंत परीक्षण शिविर डा. विभा वरू, दंत चिकित्सक के सहयोग से आयोजित किया गया। इस शिविर में उपस्थित सभी बच्चों को दांतों की साफ-सफाई के बारे में जानकारी दी गई एवं दांतों का परीक्षण किया गया।

इस अवसर पर बच्चों के लिए ड्राइंग व पेंटिंग प्रतियोगिता का भी आयोजन किया गया और सर्वश्रेष्ठ कलाकृति को पुरस्कृत किया गया। इस आयोजन में संस्था के अध्यक्ष गोपाल कृष्ण भटनागर, छत्तीसगढ़ के क्षेत्रीय निदेशक सत भटनागर व कार्यकर्ता वर्षा मेघानी उपस्थित थे।

**आज बाल आश्रम में विभिन्न आयोजन :** कचहरी चौक स्थित बाल आश्रम में संस्था की ओर से कल 2 जनवरी को विभिन्न प्रतियोगिता का आयोजन किया जाएगा। जिसमें विजेता बच्चों को पुरस्कृत किया जाएगा।

# पुर सिटी

# नववर्ष की शुरुआत मुस्कान के साथ

- सामाजिक और राजनीतिक संगठनों का कार्यक्रम

रायपुर। नववर्ष की शुरुआत मुस्कान के साथ हुई। सामाजिक व राजनीतिक संगठनों द्वारा आयोजित कार्यक्रम में बच्चों और बड़े दोनों ने बढ़-चढ़ कर हिस्सा लिया। एक तरफ जहाँ अनाथ और गरीब बच्चों के चेहरे पर मुस्कान बिखरी, वहीं भीड़भाड़ वाले स्थानों पर लोगों को फूल भेंट किए गए। धार्मिक स्थानों पर भी लोगों की रौनक बनी रही। कई सामाजिक संस्था ने बीते साल की खुशियाँ समेटकर उसे नए साल में जोड़ने का प्रयास किया। पारंपरिक खेल और रीति-रिवाज के कार्यक्रम ने नए वर्ष की खुशी को दोगुना कर दिया।

**बच्चों की आकर्षक पेंटिंग :** समाजसेवी संस्था 'सुधा' द्वारा आयोजित पेंटिंग एवं ड्राइंग प्रतियोगिता में निर्धन बच्चों ने आकर्षक प्रस्तुति दी। सर्वश्रेष्ठ ड्राइंग एवं पेंटिंग बनाने वाले बच्चों को संस्था की ओर से डॉ. विभा वरु ने पुरस्कृत किया। इससे पहले संस्था ने लोधीपारा स्थित आंगनबाड़ी में निःशुल्क दंत परीक्षण शिविर का आयोजन किया। इस मौके पर गुड़ईंच के. आर. संस्था के अध्यक्ष गोकुल कृष्ण भटनागर, राज्य के क्षेत्रीय निदेशक सतभटनागर व कार्यकर्ता वर्षा मेघानी उपस्थित थीं। शनिवार को कचहरी चौक स्थित बाल आश्रम में विभिन्न प्रतियोगिता का आयोजन किया गया है।

**तेली समाज का सांस्कृतिक कार्यक्रम :** महाराष्ट्रीयन तेली समाज ने बलीराम पंत सांस्कृतिक भवन अश्विनीनगर में सांस्कृतिक कार्यक्रम आयोजित किया। विभिन्न प्रतियोगिताओं में रंगोली, कुर्सी दौड़, रस्सी दौड़, एक मिनट शो में महिलाओं ने बढ़-चढ़ कर हिस्सा लिया। इसके बाद सांस्कृतिक और रीति-रिवाज से संबंधित कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में शोभा ताई कुबंलकर, प्रतिभा कापसे, श्रद्धा मवधडे, वंदना बंजारी, जयश्री आदि उपस्थित थीं।

**बेहतर नागरिक सुविधाओं की अपील :** नगर-निगम आयुक्त ओमप्रकाश चौधरी ने निगम अधिकारी और कर्मचारियों को नववर्ष की शुभकामनाएँ देते हुए सकारात्मक सोच और बेहतर नागरिक सुविधाएँ प्रदान करने की अपील की। उन्होंने कहा कि सकारात्मक सोच हमें प्रेरक और उत्कृष्ट कार्य करने की शक्ति देता है। राजधानी के लिए विकास नववर्ष में नई सोच अपनानी होगी।

**पावर कंपनी का कैलेंडर विमोचित :** राज्य पॉवर कंपनी ने शुक्रवार को विद्युत सेवा भवन प्रांगण डंगनिया में नववर्ष मिलन समारोह मनाया। समारोह के मुख्य अतिथि पॉवर कंपनी के अध्यक्ष पी.जॉय उम्मेन ने कर्मचारियों को नववर्ष की बधाई देते हुए कैलेंडर एवं डायरी का विमोचन किया।

**युवकों ने फूल भेंट किए :** भारतीय युवा कांग्रेस के कार्यकर्ताओं ने शहर के हृदय स्थल जयस्तंभ चौक पर लोगों को गुलाब फूल भेंट किए। उन्होंने लोगों से अपील की कि वे देश और समाज की एकता के लिए योगदान दें। फूल की तरह मुस्कुराते रहें। कार्यक्रम में संगठन के राष्ट्रीय संयोजक नितिन भंसाली, यशवंत चतवाणी, अनन्त विजय, अंकित चक्रवर्ती आदि शामिल थे।

**जानकी मंदिर में महाआरती :** नववर्ष के स्वागत में पंचमुखी हनुमान मंदिर श्यामनगर में हवन व महाआरती की गई। कार्यक्रम में सिविल लाइन पार्षद अशोक मनवानी, प्रेमप्रकाश मंध्यानी आदि उपस्थित थे।



नगर निगम में मना नववर्ष।





पुरस्कार वितरित करते सुधा के कार्यकर्ता। जानकी मंदिर में महाआरती।



लोगों को फूल भेंट करते युवा कांग्रेसी।

नईदुनिया

दिल्ली
बुधवार, 22 सितंबर 2010

नईदुनिया मीडिया प्रा.लि. का प्रकाशन

## सर्व धर्म प्रार्थना सभा का आयोजन

नईदुनिया संवाददाता

**गुड़गांव।** सुधा संस्था ने साउथ सिटी में सर्व धर्म प्रार्थना का आयोजन किया। इसमें विभिन्न धर्मों के बच्चों ने हिस्सा लिया। बच्चों ने संगीत के माध्यम से अपनी कला का प्रदर्शन किया। बच्चों ने कैसियों पर अलग-अलग धुन निकाली और गीत गाकर सबका मन मोह लिया। संगीत शिक्षिका रक्षा रैना ने बतौर मुख्य अतिथि शिरकत की। इसमें शामिल बच्चों ने रक्षा रैना के मार्ग दर्शन में संगीत शिक्षा ग्रहण कर रहे हैं। बच्चों ने जाउ तोरे चरण कमल बलिहार हे गोपाल गोविंद गाया। उपस्थित दर्शकों ने गीत की प्रसंशा की। पारुल, प्रमोद, वैभव, पुष्पांगी ने गीत गाया।

कार्यक्रम को सफल बनाने में प्रमोद, नीलम, नेहा अरोड़ा, शशि किरण ने बढ़ चढ़ कर हिस्सा लिया। संस्था के अध्यक्ष जीके भटनागर ने बच्चों को पुरस्कार बांटे।

II

गुड़गांव समाज

आज समाज, दिल्ली, रविवार, 29 अगस्त 2010

# कूड़ेदान में मिली दो दर्जन चिट्ठियां

**आज समाज, गुड़गांव**

सेक्टर 15 के पार्ट दो में डाक द्वारा पोस्ट की गई दो दर्जन से अधिक चिट्ठियां कूड़ेदान में मिली हैं। सेक्टर 15 पार्ट दो सुधा सोसाइटी अध्यक्ष ने जानकारी दी कि सभी चिट्ठियां अप्रैल, मई व जून माह में पोस्ट किए गए थे।

सेक्टर 15 पार्ट दो के सुधा सोसाइटी अध्यक्ष जीके भटनागर ने जानकारी दी कि शुक्रवार शाम को वह अपनी कालोनी में पैदल ही घर जा रहे थे इस दौरान उनकी नजर कूड़ेदान में पड़े लिफाफों पर पड़ी। जब नजदीक, जाकर लिफाफों को उठाया तो देखा कि लिफाफे पर अलग-अलग पते अंकित हैं और उसपर पांच से 10 रुपए के टिकट, डाक व तार घर के मुहर लगे हैं। उन्हें लगा कि किसी डाकिया ने चिट्ठियां पहुंचाने के बजाए इन्हें कूड़ेदान में फेंक दिया। उन्होंने सेक्टर 15 एक व पार्ट दो में रहने वाले तरुण कालरा, मोहन लाल कालरा व लोकस शाफ्टवेर प्रल्यूशन प्राइवेट लिमिटेड कंपनी के पत्र उनतक पहुंचाए तो पता लगा कि यह पत्र उन्हें अप्रैल व मई में ही मिल जाने चाहिए थे।

उन्होंने बताया कि जिन पत्रों पर मोबाइल नंबर थे उन्हें तो पहुंचा दिया लेकिन कुछ ऐसे पत्र हैं, जिन्हें पहुंचाने में वह असमर्थ हैं। भटनागर का कहना है कि वह जल्द ही अज्ञात डाकियों के खिलाफ डाकघर में शिकायत की जाएगी। संबंधित विभाग के अधिकारियों ने बताया कि इस बात की जांच करवाई जाएगी, तथा दोषी पाए जाने वाले लोगों पर सख्त कार्रवाई की जाएगी।

हरियाणा/राजस्थान संस्करण 20+4 (संडे उमंग) पृष्ठ, मूल्य ₹ 2.50

# राष्ट्रीय सहारा

सच कहने की हिम्मत

राष्ट्रीयता । कर्तव्य । समर्पण

नई दिल्ली, 29 अगस्त 2010



पैसा बनाने की मशीन न बनाएं शिक्षा को : चिदंबरम P-17

## सड़क पर पड़े मिले पत्र

गुड़गांव (एसएनबी)। साउथ सिटी-दो के बी ब्लॉक मार्केट में सड़क पर बड़ी संख्या में महत्वपूर्ण डाक पत्र बिखरे मिले। ये डाक पत्र डिविडेंट वारंट, रिफंड आर्डर्स, टेलीफोन बिल व राखी से संबंधित हैं।

इसमें बहुत सारे डाक फटे हुए हैं और ये सभी सेक्टर 15 स्थित पार्क व्यूव सोसायटी से संबंधित हैं। आश्चर्य की बात है कि पत्र साउथ सिटी से संबंधित नहीं हैं। यह डाक विभाग के कर्मचारियों की लापरवाही को दर्शाता है। इस संबंध में सुधा सोसायटी के अध्यक्ष जीके भटनागर ने बताया कि उन्हें सभी डाक पत्र यहां सड़क पर पड़े मिले।

रविवासरीय हिन्दुस्तान
नगर/गुड़गांव, भाद्रपद, कृष्ण पक्ष, पंचमी, विक्रम संवत 2067, रविवार, 29 अगस्त 2010

# सड़क पर मिल रहे हैं डाक विभाग को भेजे पत्र

रिफंड ऑर्डर, शादी कार्ड, बिल सहित अन्य कई तरह के पत्र शामिल है.

हमारे संवाददाता

गुड़गांव

साइबर सिटी के साउथ सिटी फेस-2 में डाक विभाग के पोस्ट मैन की लापरवाही से दर्जनों पत्र लावारिस अवस्था में सड़क पर पड़े मिले। ये पत्र स्थानीय निवासी जीके भटनागर को शुक्रवार की रात मिले। इसमें से कुछ पत्र खुले हुए थे। उन्होंने इसे अपने पास रख कर जानकारी विभाग को दी।

भटनागर ने बताया कि साउथ सिटी-2 के ब्लॉक बी मार्केट के मुख्य मार्ग पर शुक्रवार की रात को जब वह घूमने जा रहे थे तो एक दर्जन से अधिक पत्र सड़क पर मिले। इसमें अधिकांश लेटर सेक्टर-15 में पार्कव्यू सोसाइटी के नाम से है। इसमें रिफंड आर्डर, शादी कार्ड, बिल सहित अन्य शामिल है। उन्होंने बताया कि साउथ सिटी के लोगों को लंबे समय से पत्र नहीं मिल रहे थे।

डाक विभाग के अधीक्षक मुख्यालय जगदीश ने बताया कि विभाग को इसकी जानकारी मिल गई है। सभी डाक मिलने के बाद स्थिति स्पष्ट हो पाएगी। जिसकी भी गलती होगी उस पर तत्काल कार्रवाई की जाएगी। गौरतलब है कि डाक विभाग शहर में अपनी सेवाओं को बेहतर करने के लिए कई कदम उठा रहा है।



**लापरवाही**

- अधिकांश लेटर सेक्टर-15 में पार्कव्यू सोसाइटी के नाम से है
- कई डाक घरों को ऐरो स्कीम के तहत मॉडर्न किया जा चुका है


कर्मचारियों ने सैंकड़ों चिट्ठियां फैंक दी सड़क पर

# महत्त्वपूर्ण डाक, महा कामचोरी

## साउथ सिटी की सुधा सोसायटी के अध्यक्ष ने उठाई डंप की गई डाक

प्रवीण कुमार

**डाक विभाग** के आला अधिकारी अपने कर्मचारियों की लापरवाही पर लाख पर्दे डाले, लेकिन उनकी लापरवाही उजागर हो ही जाती है। एक बार फिर डाक कर्मचारियों की लापरवाही उजागर हुई है। लापरवाह कर्मचारी ने महत्वपूर्ण डाक को लावारिस हालत में बीच सड़क पर फेंक दिया। उक्त डाक साउथ सिटी की सोसायटी सुधा के अध्यक्ष जीके भटनागर को मिली है। भटनागर ने बताया कि इनमें डेविडेंड वारंट, रीफंड आर्डर, टेलीफोन बिल इत्यादि हैं।



मामला शहर के पॉश एरिया साउथ सिटी से जुड़ा है। साउथ सिटी फेज टू की बी ब्लाक मार्केट में डाक विभाग का एक लापरवाह कर्मचारी सेक्टर 15 पार्ट टू की पार्क व्यू सोसायटी के निवासियों की महत्वपूर्ण डाक फेंक गया। मार्केट में खारीददारी करने गए सुधा सोसायटी के अध्यक्ष एवं रुडसेट संस्थान के पूर्व निदेशक जीके भटनागर को उक्त डाक मिली तो उन्होंने आसपास के दुकानदारों से इस बारे में पता किया कहीं ये डाक उनकी तो नहीं है। वहां के दुकानदारों ने जब मना किया तो भटनागर ने डाक-पत्रों की जांच की जिसमें सभी पत्र सेक्टर 15 पार्ट टू की व्यू सोसायटी के मिले। उन्होंने डाक को सही-सलामत अपने पास रख लिया है। भटनागर ने कहा कि उक्त डाक के लिए पार्क व्यू सोसायटी के पदाधिकारी उनसे मोबाइल नंबर 9818856406 पर संपर्क कर सकते हैं।

बता दें कि इससे पूर्व भी डाक विभाग के कर्मचारियों की लापरवाही उजागर होती रही है, लेकिन डाक विभाग ऐसे कर्मचारियों के खिलाफ कोई कार्रवाई नहीं करता। लोगों का कहना डाक विभाग के अधिकारी ही कर्मचारियों की लापरवाही पर पर्दा डालते हैं। साउथ सिटी में रहने वाले राजीव ठक्कर, बीर सिंह, सुरेश



जीके भटनागर

**लोगों ने की लापरवाह कर्मचारी के खिलाफ कार्रवाई की मांग**

अरोड़ा, नेरश अग्रवाल, एससी जैन, सुशील आनंद सहित कई लोगों ने कहा कि कई महीनों से उनके यहां किसी प्रकार की डाक नहीं पहुंच रही। टेलीफोन के बिल भी उन्हें नहीं मिलते। इन लोगों ने कहा कि डाककर्मियों की कार्यशैली का खामियाजा आमजन को भुगतना पड़ता है। इन लोगों ने लापरवाह कर्मचारी के खिलाफ कड़ी कार्रवाई करने की मांग की है।

नवभारत टाइम्स
NBT Gurgaon
। रविवार 29 अगस्त 2010 ।

# सड़क पर बिखरी मिली 4 महीने पुरानी डाक

एनबीटी न्यूज ॥ गुड़गांव

**डाक विभाग** की लापरवाही का जीता जागता नमूना लोगों ने अपनी आंखों से देखा। डाक सड़कों पर पड़ी मिली। ऐसा ही एक मामला पॉश कॉलोनी साउथ सिटी टू में देखने को मिला। कॉलोनी के लोगों ने अप्रैल-मई 2010 की डाक सड़क किनारे पड़ी देखी। इस डाक को देख उन्हें अहसास हुआ कि आखिर उनकी डाक समय पर क्यों नहीं मिल पाती है। साउथ सिटी के निवासियों का आरोप है कि पिछले लंबे अरसे से उन्हें लेटर समय से नहीं मिल पा रहे हैं। इसके अलावा, इस बार उन्हें उनकी बहनों द्वारा भेजी राखियां भी नहीं मिल पाई हैं।

साउथ सिटी टू निवासी जीके भटनागर ने शुक्रवार को सड़क किनारे कुछ कागजात कटी-फटी स्थिति में पड़े देखे। इनमें अप्रैल-मई 2010 के डिविडेंट वॉरंट, रि-फंड ऑडर्स और टेलिफोन बिल भी शामिल थे। बाद में पता चला कि यह सारी डाक सेक्टर-15 स्थित पार्क व्यू सिटी-टू की थी। इस बारे में साउथ सिटी टू निवासी राजीव ठक्कर, बीर सिंह, एससी जैन, सुशील आनंद, रमेश अरोड़ा और नरेश अग्रवाल आदि ने बताया कि उन्हें पिछले कई महीने से डाक विभाग द्वारा उनके लेटर आदि नहीं मिले हैं। यहीं नहीं उन्होंने कहा कि ये डाक उनके पास पूरी तरह सुरक्षित हैं। इसके लिए सेक्टर 15 स्थित पार्क व्यू सिटी के लोग उनसे संपर्क कर सकते हैं। उन्होंने डाक विभाग के उच्चाधिकारियों से मांग की है कि इस प्रकरण में कर्मचारियों की गहन जांच की जाए और दोषी पाए जाने वाले कर्मचारियों के खिलाफ कड़ी कार्रवाई की जाए।

## क्या कहते हैं अधिकारी

पुरानी डाक सड़क पर मिलने को लेकर डाक विभाग के सुपरिटेंडेंट सुभाष चंद्र ने कहा कि इस बारे में जांच करवाई जाएगी और जो भी कर्मचारी इसमें दोषी पाया जाएगा, उसके खिलाफ कड़ी कार्रवाई करते हुए सस्पेंड भी किया जा सकता है।

दैनिक जागरण

# मदर्स-डे...मांओं को मिली असीम खुशी

## मातृत्व दिवस पर साउथ सिटी में हुए कार्यक्रम

गुड़गांव, जासंकें : सुधा संस्था की ओर से सुधार सुधा नामक दो दिवसीय कार्यक्रम का आयोजन साउथ सिटी दो में किया गया। इस मौके पर विभिन्न सांस्कृतिक कार्यक्रम भी आयोजित किए गए। इसका शुभारंभ 'आर्ट ऑफ लिविंग 'की पदाधिकारी वंदना आदेश ने किया। इस उपलक्ष्य पर पूर्णिमा, नेहा भंडारी वंदना आर्य ने देश भक्ति के गीत गाकर सभी का मन मोह लिया। इस अवसर पर पारुल प्रमोद, वशीका पुष्पा ने भी गीत गाकर सबका मन मोह लिया। गणेश वंदना संस्था के अंतर्गत पढ़ने - लिखनेवाले निर्धन बच्चों ने किया। संस्था ने अराधना मलिक, नेहा अरोड़ा, बबीता अग्रवाल सभी वालेंटियर का सम्मान किया। ये सभी वालेंटियर संस्था में गरीब बच्चों को निशुल्क पढ़ाती हैं। कार्यक्रम का संचालन अराधना मलिक ने किया। काफी संख्या में साउथ सिटी 2 के निवासियों ने इसमें भाग लिया एवं कार्यक्रम की भूरि -भूरि प्रशंसा की। संस्था के अध्यक्ष जीके भटनागर, एसपी गौड उपाध्यक्ष, उर्वशी सैनी महसचिव, सतपाल अमरचंद रिजनल डायरेक्टर ने कार्यक्रम में भाग लिया।

AB KESARI Panipat MONDAY 10 May 2010

पंजाब केसरी

## मातृत्व दिवस पर सांस्कृतिक कार्यक्रम

गुड़गांव, 9 मई (अशोक) : निर्धन छात्रों को शिक्षित करने व उनके कल्याण में लगी सामाजिक संस्था सुधा ने मातृत्व दिवस (मदर्स-डे) पर विभिन्न सांस्कृतिक कार्यक्रमों का आयोजन किया जिसका उद्घाटन आर्ट आफ लिविंग की सदस्या वंदना आदेश ने दीप प्रज्वलित करके किया। छात्रों द्वारा ही कार्यक्रम प्रस्तुत किए गए। नेहा भंडारी, पारुल, प्रमोद, वंशीका, पुष्पांजलि ने गीत व गजल प्रस्तुत कर सब का दिल मोह लिया। संस्था के कार्यकर्ताओं ने अराधान, बबीता आदि को उत्कृष्ट सेवा के लिए सम्मानित किया। इस अवसर पर संस्था के संस्थापक जी.के. भटनागर सहित संस्था से जुड़े लोग मौजूद थे।

# थ चलें तेल बचाएं

## ा ने अनोखे ढ़ंग से मनाया वेलेंटाईन-डे




न्य वर्ग तक करने का
त्रलासिता पूर्ण कार में
बजाय साथ चलने के
त्व है। संस्था ने इस
ाप, सेमिनार पोस्टर्स
र स्क्रीन, प्रतिज्ञा पत्र,
समान विचार धारा
कार्यक्रम को आगे करने का संकल्प लिया। आर्ट ऑफ लीविंग के सहयोग से उठाया गया यह छोटा सा कदम भविष्य में बहुत सुखद परिणाम लाडर समाज को लाभान्वित करेगा। इस दो दिवसीय कार्यक्रम में संस्था के अध्यक्ष जी.के. भटनागर, उपाध्यक्ष रामकिशन गुप्ता एवं जनरल सेक्रटरी श्रीमति उर्वशी सैनी एवं आर्ट ऑफ लीविंग के शिक्षक एवं कोऑर्डिनेटर गुड़गांव चेप्टर अजय चावला, सीमा चावला, वंदना आदेश, प्रमोद कुमार, विजिता भटनागर, बबीता अग्रवाल, नरेश अग्रवाल, राकेश कुमार, मनीष, संदीप, सुमन, मनोज, नूतन, सबरवाल, सुरेश कुमार, भारतेन्दु, साकेत, सरोप्रिय एवं गोरी आदि इस कार्यक्रम पर उपस्थित थे। सुधा चार ओपन स्कूल निर्धन बच्चों के लिए निशुल्क शिक्षा तथा स्वास्थ्य सेवा की व्यवस्था कर रही है।

अमर उजाला नई दिल्ली, सोमवार, 15 फरवरी, 2010

# गुड़गांव

## ईंधन बचाने का नुस्खा बताया

गुड़गांव। स्वयंसेवी संगठन सुधार सुधा के कार्यक्रम के तहत अतिविशिष्ट वेलेंटाइन डे समारोह का आयोजन आर्ट ऑफ लिविंग के प्रशिक्षकों और स्वयंसेवकों के सहयोग से किया गया। नारा दिया गया कि कार में साथ चलें, ईंधन बचाएं। कार के उपयोग में सहभागी बनकर सड़क की भीड़ भाड़ से बच सकते हैं। प्रदूषण भी कम कर सकते हैं। इसके लिए योजना, सहयोग और परस्पर संपर्क की जरूरत है। इसलिए वेलेंटाइन डे पर परस्पर एक-दूसरे के लिए प्रेम भावना प्रदर्शित करें और नगर के लिए अच्छी व्यवस्था का शुभारंभ करें। साथ चलें, शांत रहे, पर्यावरण की रक्षा करें।

गुड़गांव समाज

आज समाज, दिल्ली, शनिवार, 27 फरवरी 2010

## पूल करिए कूल रहिए

**गुड़गांव**। गुड़गांव की एक स्वयं सेवी संस्था सुधा की ओर से दिल्ली के छतरपुर में आयोजित कार्यक्रम के माध्यम से पूल करिए कूल रहिए का संदेश दिया गया। सुधा के अध्यक्ष जी के भटनागर का कहना है कि पूल करने की व्यवस्था से हम ईंधन बचा सकते हैं। इससे यातायात सुगम बना रहता है और आपसी भईचारा भी मजबूत होता है। श्री भटनागर ने बताया कि हम आपस में कार के उपयोग में सहभागी बनकर सड़क पर होने वाले भीड़-भाड़ से बच सकते हैं। इसके साथ ही प्रदूषण को भी कम किया जा सकता है। कार्यक्रम में गुड़गांव के 60 से अधिक आर्ट ऑफ लिविंग के प्रशिक्षकों और स्वयं सेवकों ने अपास में कार पूलिंग की।

पानीपत, शनिवार 27 फरवरी, 2010

पंजाब केसरी

## सुधा का ईंधन बचाने व यातायात सुगम बनाने का अभियान जारी

गुड़गांव, 26 फरवरी (अशोक) : स्वयंसेवी संस्था सुधा के अध्यक्ष जी.के. भटनागर ने बताया कि ईंधन बचाने व यातायात को सुगम बनाने के लिए आर्ट ऑफ लिविंग कार्यक्रम के तहत संस्था ने एक ही कार में पूल बनाकर गंतव्य स्थान तक जाने का जो अभियान चलाया था, वह काफी सफल रहा है। अभियान से काफी लोग जुड़े हैं।

दैनिक ट्रिब्यून, नयी दिल्ली, सोमवार, 15 फरवरी, 2010

# आर्ट ऑफ लिविंग कार्यक्रम आयोजित

गुड़गांव, 14 फरवरी (हप्र)। सुधा स्वयं सेवी संस्था आज वेलेंटाइन के अवसर पर कार्यक्रम अयोजित किया गया। इस अवसर पर संस्था के संस्थापक अध्यक्ष जीके भटनागर ने कहा कि रेडलाईट पर गाडी को बंद कर जहां इंधन बचाया जा सकता है उसी प्रकार वेलेंटाइन डे के अवसर पर हमें एक-दूसरे को असुविधा न होने देने का संकल्प लेना चाहिए। इस अवसर पर रामकिशन गुप्ता, उर्वशी सैनी, अजय चावला, सीमा चावला, वंदना आदेश प्रमोद कुमार सुमन, संदीप, मनोज सुरेश कुमार आदि भी मौजूद थे।

दिवस पर

# चारों ओर कार्यक्रमों की धूम

## खूब याद आए चाचा नेहरू

कार्यालय संवाददाता

**गुड़गांव।** पूर्व प्रधानमंत्री व बच्चों के प्रिय पंडित जवाहर लाल नेहरू का खेलों के प्रति लगाव था। उन्हीं के प्रयासों से पहली बार भारत में एशियन खेलों का आयोजन किया गया था। इसलिए खेलों से बच्चों को जोड़कर उनके प्रति अपना सम्मान प्रकट किया जा सकता है। यह बात राज्य सतर्कता विभाग के महानिदेशक एवं हरियाणा ओलंपिक संघ के अध्यक्ष पीवी राठी ने कही।

वह बाल दिवस के उपलक्ष में ताऊ देवीलाल स्पोटर्स कांपलेक्स में राज्य स्तरीय रन फॉर फन नामक हाफ मैराथन दौड़ का आयोजन के उद्घाटन अवसर पर बोल रहे थे। कार्यक्रम में खेल विभाग के निदेशक ओपी सिंह ने बताया कि तीन से नौ दिसंबर तक प्रदेश के सभी स्कूलों में खेल सप्ताह मनाया जाएगा। पंडित जवाहर लाल नेहरु के जन्मदिवस बाल दिवस पर शिवम पब्लिक स्कूल में नृत्य, गायन आदि सांस्कृतिक कार्यक्रमों का आयोजन किया गया। बाल साहित्यकार घमंडीलाल अग्रवाल ने बतौर मुख्य अतिथि शिरकत की। स्कूल के बच्चों ने मोनो एक्टिंग के जरिये चाचा नेहरु व गांधी के संदेश दिए। इस मौके पर स्कूल के प्रिंसिपल कृष्ण राघव ने कहा चाचा नेहरु बच्चों की भावनाओं को सबल बनाना चाहते थे ताकि वे देश के बेहतर नागरिक बन सके। ह्यूमन पीपल टू पीपल इंडिया संस्था की ओर से बालदिवस के मौके पर जरूरतमंद 100 बच्चों को मुख्य अतिथि ने जरसी बांटी। जबकि चित्रेश अदलखा, कुलदीप कटारिया, चांद कटारिया, महावीर कटारिया, अतिन, विनु लाड, मंजू, नीतू आदि ने बतौर विशिष्ट अतिथि उपस्थित थे। संस्था के स्कूल की ओर से हेडमास्टर त्रिवेदी, रामनरेश माधव, निरंजन, संजय सुखवीर, उमारानी, पारूल, मुस्कान, गीता आदि मौजूद रहे।

इसी तरह सुधा सोसायटी की ओर से शीतला माता रोड पर बालदिवस का आयोजन किया गया। सेक्टर-15 व साउथ सिटी के निवासियों ने मिलकर जरूरतमंद बच्चों को वस्त्र बांटे गए। ... के अध्यक्ष जीके भटनागर से

नैन, नूतन चौहान, नेहा अरोड़ा, नीलम प्रमोद व ईशा, राजकुमार, सुरेश कुमार यादव, उमेश, प्रमोद आदि मौजूद थे।

**ऑल** इंडिया यूथ वेलपेयर एसोसिएशन की ओर से बालदिवस के मौके पर सेक्टर-12 के नजदीक स्थित झुग्गियों में अध्यक्ष संदीप ने जरुरमंद लोगों को कंबल बांटे। इस मौके पर अनीश राणा, सचिन शर्मा, कपिल कौशिक, नवनीत, गौरव पाहुजा, संजय गुप्ता और गौरव गुप्ता मौजूद थे।

**कांग्रेस** के सेवादल ने सनसाइन कॉन्वेंट स्कूल में बालदिवस का आयोजन किया। सेवादल के जिलाध्यक्ष इंद्र सिंह सैनी ने मुख्य अतिथि थे। स्कूल के बच्चों ने भाषण प्रतियोगिता व नाटक के माध्यम चाचा नेहरु के विचारों की झलक पेश की। इस मौके पर कृष्ण कुमार, महावीर यादव, सुमेर यादव, अशोक जैन, अजय जैन, अरुण कुमार, रामपत प्रेमी, सीपी शर्मा, कांता देवी, सुशीला, बजरंगी लाल, बालकिशन बुद्धिराजा आदि मौजूद थे।

**जिला** कांग्रेस कमेटी(शहरी)ने पंडित जवाहर लाल नेहरु का 121वां जन्मदिवस मनाया। शहरी जिलाध्यक्ष जीएल शर्मा के नेतृत्व में कांग्रेस कार्यकर्ताओं ने पंडित नेहरु की प्रतिमा पर फूल मालाएं चढ़ाई।

**ओरबिट** अस्पताल में स्वास्थ्य जांच शिविर में करीब 450 रोगी जांच के लिए पहुंचे। डा. अनीश धर ने बताया कि शिविर में मधुमेह व हाइपरटेंशन के रोगियों की संख्या अधिक थी। शिविर में डा. मनोज अग्रवाल, स्त्री रोग विशेषज्ञ डा. गरिमा गोयल एवं डा. रीमा गोयल ने बताया कि जांच शिविर में पहुंची अधिकांश महिलाएं एनिमिया से पीड़ित थी। बाल रोग विशेषज्ञ डा. अभिषेक ने बताया कि बदलते मौसम के कारण बच्चे बीमार हो रहे हैं। दंत रोग विशेषज्ञ डा. शेलेंद्र शर्मा व डा. अजय कुमार ने दांत से संबंधित रोगियों की जांच की।



सुधा संस्था की ओर से बाल दिवस पर कपड़े वितरित करते संस्था के

Jagran City plus

Jagran
A JAGRAN INITIATIVE
ALSO PUBLISHED FROM:
Hyderabad
Bangalore
Pune
Mumbai

Fashion | Health | Lifestyle | Entertainment | Interiors | Community

ELHI NCR - GURGAON JUNE 29 - JULY 5, 2013

www.jagrancityplus.com

# In solidarity

NGO Sudha Society has sent 1001 new blankets to Uttarakhand as a relief measure in the first lot. A small function at A-1 Block South City-2 Sohna Road Gurgaon was organised with the help of Art of Living Gurgaon and RWA South City -2. Dr Praveen Kumar, administrator HUDA Gurgaon, Amitabh Khare additional GM RIGHTS ( PSU) graced the function and blessed the blankets by touching them with their hands and spoke on the ocassion.



आपका अखबार-आपके समाचार

# गुड़गांव मेल

साइबर सिटी का पहला सांध्य हिन्दी दैनिक

य : 2.00 रुपए | गुड़गांव, बुधवार, 27 जनवरी, 2010 | website : www



## सुधा संस्था ने मनाया गणतंत्र दिवस

पवन बागड़ी

सुधा संस्था ने साउथ सिटी में गणतंत्र दिवस मनाया । इस संस्था के सौजन्य से दो ओपन स्कूलों में बच्चों ने रंगारंग कार्यक्रम आयोजित किए। कार्यक्रम की शुरूआत मुख्य अतिथि सौम्या हस्तेकर ने तिरंगा झंडा फहराकर की। सांस्कृतिक कार्यक्रमों का आरंभ 'हम होंगे कामयाब एक दिन' गीत गाकर की। बच्चों ने अपनी कला का प्रदर्शन स्वंय तिरंगा झंडा बनाकर किया। संस्था के 65 बच्चों ने बढ़-चढ़कर भाग लिया। संस्था के अध्यक्ष जेके भटनागर ने व आर्ट ऑफ लीविंग के शिक्षक प्रमोद कुमार ने योगा, ध्यान के साथ-साथ मंत्रों का उच्चारण भी करवाया। सौम्या हस्तेकर ने जरूरतमंद एवं गरीब बच्चों को कपड़े, खिलौने और मिठाइयां बांटी। उन्होंने बच्चों को खेल - खेल में पढ़ाई का पाठ भी पढ़ाया। इस कार्यक्रम में संस्था के महासचिव उर्वशी सैनी, आशा अग्रवाल और राजकुमार मौजूद थे।

उत्तर भारत का सम्पूर्ण समाचारपत्र

# दैनिक ट्रिब्यून

अंक : 168 चंडीगढ़/नयी दिल्ली/जालंधर/बठिंडा रविवार, 31 जनवरी, 2010/ 18 माघ, संवत् 2066



## बच्चों से रोल मॉडल बनने का आह्वान

गुड़गांव, 30 जनवरी (हप्र)। सुधा संस्था के संचालक जीके भटनागर ने बच्चों से रोल मॉडल बनने का आह्वान किया है। भटनागर आज आर्य आदर्श उच्चतर स्कूल मॉडल टाउन में सुधा सुधार कार्यक्रम के अंतर्गत आयोजित समारोह को सम्बोधित कर रहे थे। उन्होंने बच्चों से कहा कि वे अपने आप को समाज सेवा के लिए तैयार करें। संस्था ने छात्रा पूर्णिमा का सम्मान किया जो कालेज में मेधावी छात्रा है। वह इंडियन आईडियल कार्यक्रम तक पहुंच चुकी है। इस अवसर पर पूर्णिमा ने बच्चों के बीच एक भजन भी सुनाया। इस अवसर पर सिद्देश्वर स्कूल के अध्यक्ष रामकिशन गुप्ता, स्कूल के निदेशक अशोक शर्मा, अशोक मेहता, सोमिया हस्तेकर आदि भी मौजूद थे।

dunia.com | राष्ट्रीय राजधानी संस्करण, सोमवार, 15 फरवरी 2010 | फाल्गुन शुक्ल पक्ष, प्रतिपदा, संवत 2066,

नईदुनिया

नईदुनिया मीडिया प्रा. लि. का प्रकाशन

दिल्ली-एनसीआर, इंदौर, जबलपुर, ग्वालियर, रायपुर, बिलासपुर और भोपाल (नवदुनिया) से प्रकाशित


ाने पर भाजपा अधिवेशन ▶▶ 09 | मंत्रालयों में भ्रष्टाचार पर अब रहेगी खुफिया नजर ▶▶ 16

## ईंधन बचाने का आह्वान

**वैलेंटाइन-डे** को कुछ स्वयंसेवी संस्थाओं ने समाज सेवा के संदेश के साथ मनाया। सुधा नामक संस्था ने समाजसेवकों के सहयोग से कार में साथ चलने, ईंधन की बचत करने और सड़क पर भीड़ कम करने का नारा दिया गया। सुधा द्वारा आयोजित आर्ट आफ लिविंग कार्यक्रम में 500 से अधिक स्वयंसेवकों ने भाग लिया। इस दौरान स्वयंसेवकों ने कारों का ईंधन बचाने और पर्यावरण प्रदूषण को बचाने पर विशेष चर्चा की। आर्ट आफ लिविंग के विशेषज्ञों ने कहा कि यह नारा तभी सफल हो सकता है जब योजना, सहयोग और परस्पर संपर्क को बढ़ावा दिया जाए।

संस्थापक जीके भटनागर ने कहा कि एक ही गंतव्य होने पर आस-पास के लोग साथ जा सकते हैं। इससे आपसी प्रेम बढ़ेगा। वेलेंटाइन डे के दिन इससे अच्छा नारा और क्या हो सकता है। इस दौरान संस्था के सदस्यों ने 'साथ चलें, शांत रहें, पर्यावरण की रक्षा करें, ग्लोबल वार्मिंग से दूर रहें' के नारे को आगे भी जन जन तक पहुंचाने का फैसला किया है। इसके तहत संस्था की ओर से तमाम वाद विवाद, सेमीनार, पोस्टर, होर्डिंग, आरडब्ल्यूए बैठकों, कार स्क्रीन, आदि के माध्यम से इस संदेश को आगे बढ़ाने की योजना है।

# वसंत पंचमी पर गरीब बच्चों के लिए स्कूल




साउथ सिटी-2 में गरीब बच्चों के लिए स्कूल का शुभारंभ किया।

नईदुनिया संवाददाता

वसंत पंचमी के दिन स्वंयसेवी संस्था सुधा ने सुधार कार्यक्रम के तहत साउथ सिटी-2 में रहने वाले मजदूर वर्ग के लोगों व बच्चे, जो कि पैसे के अभाव में शिक्षा से वंचित हैं, उन्हें शिक्षित करने के लिए एक स्कूल का शुभारंभ किया। जिसका उदघाटन डा. राज देव पाट्रो ने किया। इस अवसर पर एसएन सिदेश्वर स्कूल के अध्यक्ष राम किशन गुप्ता विशेष रूप से उपस्थित

## बच्चों को शिक्षा का महत्व बताया

थे। डा. पाट्रो ने सभी बच्चों और उनके अभिभावकों से अनुरोध किया कि संस्था द्वारा वसंत पंचमी के दिन चलाये जा रहे प्रयास का पूरा लाभ लें और इस स्कूल को चलाने में संस्था का सहयोग करें। इस अवसर पर रामकिशन ने बच्चों व अभिभावकों को शिक्षा के तहत्व के बारे में विस्तार से बताया तथा बच्चों के उज्जवल भविष्य की कामना की।

# बच्चों ने सीखी सुंदर लेखन की कला

शिविर

प्रशिक्षण

- साउथ सिटी में चलाए जा रहे स्कूल में प्रशिक्षण शिविर लगा
- शिविर में 55 बच्चों के अलावा सोसाइटी वालों ने हिस्सा लिया

गुरुग्राम | कार्यालय संवाददाता

सुधा सोसाइटी की ओर से साउथ सिटी-2 के ए-1 ब्लॉक में चलाए जा रहे स्कूल में रविवार को सुंदर लेखन प्रशिक्षण शिविर लगाया गया। इसमें बच्चों को सुंदर लेखन की कला सिखाकर इसके महत्व से अवगत कराया गया। शिविर में 55 बच्चों के अलावा सोसाइटी से भी कई लोगों ने हिस्सा लिया।

सुंदर लेखन विशेषज्ञ अनिल कुमार ने कहा कि पहले बचपन से ही बच्चों से तख्तियां लिखवाई जाती थीं ताकि उनका लेखन सुंदर हो सके। समय के साथ तख्ती लेखन पूरी तरह से खत्म हो गया है। सब कुछ कंप्यूटराइज्ड होने के चलते सुंदर लेखन की कला विलुप्त होती जा रही है। उन्होंने कहा कि सुंदर लेखन न केवल दूसरों को आकर्षित करता है, बल्कि इससे लेखक के भीतर आत्मविश्वास भी बढ़ता है। उन्होंने बच्चों को हिन्दी और अंग्रेजी, दोनों भाषाओं के शब्दों को बेहद ही रोचक तरीके से लिखने की कला सिखाई।

बच्चों की लगन देखकर अनिल कुमार ने भरोसा दिलाया कि वे प्रत्येक रविवार को यहां आकर बच्चों को मुफ्त में सुंदर लेखन सिखाएंगे। सोसाइटी के प्रधान जीके भटनागर ने कहा कि यह स्कूल आर्थिक रूप से बच्चों को शिक्षित करने के लिए चलाया जा रहा है। ए ब्लॉक में 35 बच्चे और सुभाष चौक स्थित यूनिटेक रिसॉर्ट में चल रहे स्कूल में 20 बच्चे शिक्षा ग्रहण कर रहे हैं। उन्होंने कहा कि बच्चों के संपूर्ण विकास के लिए इस तरह की गतिविधियां बेहद ही उपयोगी साबित होती हैं। कार्यक्रम में स्थानीय निवासी प्रमोद कुमार, अकाश अग्रवाल, अजय गोयल समेत कई लोगों ने हिस्सा लिया।



गणतंत्र दिवस के अवसर पर सुधा संस्था की ओर से गरीब बच्चों के बीच मनाया गणतंत्र दिवस।

बुधवार 22 सितंबर 2010

विश्व का सर्वाधिक पढ़ा जाने वाला अख़बार

नेक जागरण

## संगीत से बच्चों ने किया कला का प्रदर्शन

गुड़गांव, जासंकेः सुधा संस्था ने साउथ सिटी दो में सर्वधर्म प्रार्थना का आयोजन विभिन्न धर्मों के बच्चों के साथ मनाया। इसमें 7 से लेकर 15 वर्ष के बच्चों ने अपनी कला का प्रदर्शन संगीत के माध्यम से किया। बच्चों ने संगीत की धुन पर गीत गाकर सबका मोह जीत लिया। संगीत शिक्षा रक्षा रैना इस मौके पर बतौर मुख्यातिथि थीं। सभी बच्चों ने रैना के मार्गदर्शन में संगीत की शिक्षा हासिल की। इसमें पारुल, प्रमोद, वैभव, प्रयासी ने भाग लिया। इस मौके पर आराधना महिला सदस्य सुधा संस्था, स्वयं सेवक प्रमोद, नीलम, नेहा अरोड़ा, शशीकरण भटनागर ने बढ़चढ़ कर भाग लिया। संस्था के अध्यक्ष जीके भटनागर ने बच्चों को पुरस्कार वितरण किए। विवेक कदमबंदे महाप्रबंधक रेनबैक्सी एवं उनकी धर्मपत्नी वीरुसाली ने बच्चों को अपनी ओर से विशेष पुरस्कार प्रदान कर बच्चों की हौसलाअफजाई की।

दैनिक जागर

दिल्ली, उत्तर प्रदेश, मध्य प्रदेश, हरियाणा, उत्तराखंड, बिहार, झारखंड, पंजाब, जम्मू कश्मीर, हिमाचल प्रदेश और प. बंगाल से प्रकाशि

व तय करेगा तोगड़िया का भविष्य 15

विपक्ष को जानवर कहना अपमानज

दैनिक जागरण

गुरुग्राम

Dated 8/4/18

वस्थ शरीर का दुश्मन

www.jagran.com

# शिविर लगाकर स्कूली बच्चों की स्वास्थ्य जांच



सुधा सोसायटी के स्वास्थ्य शिविर में बच्चो की जांच करता चिकित्सक

**जासं, गुरुग्राम:** विश्व स्वास्थ्य दिवस के अवसर पर सुधा सोसायटी एवं एक्सप्लोर एनसीआर ने संयुक्त रूप से स्वास्थ्य जांच शिविर लगाया गया। शिविर में सुधा ओपन स्कूल के बच्चों ने जांच परीक्षण का लाभ लिया। बोस्टन साइंटिफिक इंडिया प्राइवेट लिमिटेड की डॉ. नवज्योति कर के देखरेख में संपन्न शिविर में 30 बच्चों को विभिन्न परीक्षण कर दवाइयां व जरूरी परामर्श दिया गया। दवाइयों की आपूर्ति सुधा सोसाइटी द्वारा की गयी। आयोजन में सुधा सोसाइटी के सभापति जीके भटनागर, एक्सप्लोर एनसीआर से अंजू दुआ, गीतांजलि दुआ, रितिका दत्ता, अंजलि बरेजा, सुरभि समेत सोसाइटी के लोग मौजूद रहे।

पंजाब केसरी
फरीदाबाद, गुड़गांव, सोनीपत, रोहतक, दिल्ली
वीरवार THURSDAY
28 जनवरी, 2010

# गणतंत्र दिवस धूमधाम से मनाया

## बच्चों ने पेश किए रंगारंग कार्यक्रम

गुड़गांव, 27 जनवरी (अशोक) : 61वां गणतंत्र दिवस धूमधाम से विभिन्न स्कूलों, स्वयंसेवी संस्थाओं आदि ने मनाया। विभिन्न प्रकार की देश भक्ति से ओत-प्रोत प्रतियोगिताएं भी आयोजित की गईं। जिसमें बच्चों ने बढ़-चढ़कर भाग लिया। राष्ट्रहित सेवा संगठन द्वारा सैक्टर-14 के सामुदायिक केंद्र में रंगारंग कार्यक्रम का आयोजन किया गया। जिसमें निर्धन वर्ग के बच्चों ने देश भक्ति के कार्यक्रम प्रस्तुत किए गए। बच्चों ने मनोरंजन के लिए जादूगर को भी बुलाया गया था। सैंकड़ों लोगों ने एक साथ मिलकर राट्रगान भी गाया। उधर सैक्टर-46 की रैजिडैंट्स वैल्फेयर एसोसिएशन ने भी कार्यक्रम का आयोजन किया सैक्टर के वरिष्ठ नागरिकों द्वारा ध्वजारोहण किया गया तथा सैक्टर में सफाई अभियान भी चलाया गया, जिसमें एसोसिएशन के अध्यक्ष आर.एस. नैन सहित्त सभी सदस्यों ने भाग लिया। एस.डी. आदर्श विद्यालय : एस.डी. आदर्श विद्यालय में भी छात्रों ने खूब धूमधाम से गणतंत्र दिवस मनाया। मुख्यातिथि विद्यालय की अध्यक्ष आशा शर्मा थीं। बच्चों ने विभिन्न रंगारंग कार्यक्रमों की प्रस्तुति के साथ देशप्रेम की भावना से ओत-प्रोत भाषण एवं कविताएं भी प्रस्तुत की। जिन्होंने दर्शकों को झकझोर कर रख दिया।

सामाजिक संस्था सुधा ने भी गरीब बच्चों के लिए चलाए जा रहे ओपन स्कूलों में बच्चों के लिए विभिन्न कार्यक्रमों का आयोजन किया गया। संस्था के.जी. भटनागर ने कहा कि उनकी संस्था ने गरीब बच्चों को शिक्षित करने का बीड़ा उठाया हुआ है उसे पूरा करेंगे। देवीलाल नगर की जन कल्याण सेवा समिति द्वारा भी बाल पाठशाला में गणतंत्र दिवस धूमधाम से मनाया गया। बच्चों ने सांस्कृतिक कार्यक्रम भी प्रस्तुत किए, विजेता बच्चों को ईनाम भी दिए गए।

विश्व का सर्वाधिक पढ़ा जाने वाला अखबार

# दैनिक जागरण

ार्यी भारत की बेंच स्टेंथ 13 धमधाम से मनाया गया ...ोरी का

नई दिल्ली, 26 दिसंबर, 2009

जागरण सिटी
गुड़गांव

# क्रिसमस पर धूम, बांटी टॉफियां





क्रिसमस पर एक स्कूल में कार्यक्रम प्रस्तुत करते बच्चे। इस मौके पर बच्चों को टाफियां बांटते सांता क्लाज बने बच्चे। जागरण

**गुड़गांव, जागरण संवाद केंद्र :** जिले भर में क्रिसमस डे धूमधाम से मनाया गया। शहर के विभिन्न स्कूलों व चर्चों में कार्यक्रम आयोजित किए गए। कई स्कूली में क्रिसमस उत्सव एक दिन पहले ही आयोजित किया गया था। कुछ स्कूलों में क्रिसमस के दिन समारोह का आयोजन किया गया।

## क्रिसमस डे

- विभिन्न स्कूलों व चर्चों में कार्यक्रम आयोजित
- जरुरतमंद बच्चों को कपड़े भी वितरित किए गए
- 40 बच्चों का स्वास्थ्य परीक्षण

शुक्रवार को आयोजित कार्यक्रम में सेक्टर 31 स्थित अजंता पब्लिक स्कूल प्रांगण में बच्चे एकत्र हुए और खुशियों मनाई। कई बच्चे स्कूल में सांता क्लाज बन कर पहुंचे तो कई रंग-बिरंगी पोशाक में आए। बच्चों के बीच सांता क्लाज ने खूब टॉफियां बांटी।

इस मौके पर बच्चों ने समूह गायन के साथ नृत्य भी किए। सेक्टर पांच स्थित स्कालर्स प्राइड स्कूल के बच्चों ने गरीब बच्चों को टॉफियां भी बांटे। साथ ही जरूरतमंद बच्चों को कपड़े भी वितरित किए गए। प्राचार्य शशि राणा बच्चों के साथ मदनपुरी कुष्ठ आश्रम जाकर वहां के बच्चों को भी टॉफियां एवं कपड़े बांटे। इस मौके पर सुधा संस्था ने गरीब बच्चों के साथ क्रिसमस मनाया।

संस्थान ने इस मौके पर दस साल तक के 40 बच्चों का निशुल्क स्वास्थ्य परीक्षण करवाया। संस्था के अध्यक्ष जीके भटनागर ने इस मौके पर मदद के लिए आगे आने वाले सभी लोगों को धन्यवाद दिया। कार्यक्रम को सफल बनाने में उर्वशी सैनी, देव, राजकुमार, राखी आदि का ने बढ़-चढ़ कर हिस्सा लिया।

# पंजाब केसरी

WEDNESDAY
22 September 2010




गुड़गांव में बच्चों को पेंटिंग व संगीत सिखाते सर्वधर्म प्रार्थना सभा के सदस्य।

संस्करण

यूनिवर्सिटी के लिए बनेगी अलग खेल नीति : रामबिलास 7 टाइम पर्सन ऑफ द ईयर के ऑनलाइन मत

दिल्ली • उत्तर प्रदेश • मध्य प्रदेश • हरियाणा • उत्तराखण्ड • बिहार • झारखंड • पंजाब • जम्मू-कश्मीर • हिम

an.com

नया गुरुग्राम

जागरण सिटी

खिलाफ होगी कार्रवाई : जितेंद्र VI दैनिक जागरण



जागरण

कमजोर तबके के बच्चों को पढ़ाते हिम्मत भारद्वाज।

# शिक्षा से वंचित बच्चों को गणित की बारीकियां सिखा रहे हिम्मत

जासं, गुरुग्राम : गणित की डिजिट कैल्कुलेशन में सबसे जल्द गणना का रिकॉर्ड बना चुके मेमोरी किंग के नाम से जाने जाने वाले हिम्मत भारद्वाज इन दिनों सुधा सोसायटी से जुड़े कमजोर तबके के विद्यार्थियों को पढ़ा रहे है।

हिम्मत साउथ सिटी टू में गणित की बारीकियों को बेहद आसान तरीकों से सिखा रहे है। संस्था के प्रधान जीके भटनागर के मुताबिक वे हर तरह से प्रयास कर रहे है कि इन बच्चों को बेहतर तरीके से शिक्षा दी जा सके। उन्होंने बताया कि हिम्मत इन दिनों इन बच्चों को वीकएंड पर निशुल्क शिक्षा देते है। हिम्मत के मुताबिक वंचित वर्ग के विद्यार्थी भी समान रूप से प्रतिभावान होते है, बस जरूरत होती है तो सिर्फ उन्हें सही मार्गदर्शन की। उनके मुताबिक वे बड़े स्तर पर इस वर्ग के बच्चों को लाभांवित करना चाहते है।

AB KESARI Panipat

MONDAY 15 November 2010

पंजाब केसरी

# नेहरू को किए श्रद्धासुमन अर्पित

गुड़गांव, 14 नवम्बर (मुकुल): जिले भर में पूर्व प्रधानमंत्री स्व. जवाहर लाल नेहरू की जयंती के अवसर पर बालदिवस धूमधाम से मनाया गया। ज्हां विभिन्न स्थानों पर राजनीतिक व सामाजिक संगठनों के प्रतिनिधियों ने उन्हें श्रद्धासुमन अर्पित किए, वहीं विभिन्न विद्यालयों में बालदिवस समारोह आयोजित किए गए। पूर्व प्रधानमंत्री जवाहर लाल नेहरू को श्रद्धासुमन अर्पित करने के लिए कमान सराय स्थित जिला कांग्रेस कमेटी के कार्यालय में श्रद्धांजलि सभा का आयोजन किया गया जिसमें कांग्रेस शहरी जिलाध्यक्ष जी.एल. शर्मा ने कहा कि पं. नेहरू राष्ट्र निर्माता थे और उन्हें बच्चों से विशेष लगाव था।

इस अवसर पर प्रदेश कांग्रेस महासचिव आशा शर्मा, महिला मोर्चा की जिलाध्यक्षा सुनीता सहरावत, जिला महासचिव अशोक भास्कर, राना भारती, पंकज डावर, अशोक आजाद व ओमप्रकाश सहरावत सहित अन्य लोग मौजूद थे। कादीपुर स्थित एस.के. माडर्न स्कूल में बालदिवस समारोह में प्राचार्य हरी सिंह ने कहा कि चाचा नेहरू हमेशा यह चाहते थे कि देश के बच्चे अधिक से अधिक शिक्षा प्राप्त करें।

इस अवसर पर उन्होंने विद्यालय के कुछ छात्रों को शिक्षा के क्षेत्र में विशेष उपलब्धि हासिल करने पर पुरस्कृत किया। शहर के विवेकानंद अकैडमी पब्लिक स्कूल में बाल दिवस पर बच्चों के लिए विभिन्न प्रतियोगिताएं आयोजित की गईं जिनमें 1 दर्जन से ज्यादा स्कूलों के बच्चों ने भाग लिया। दूसरी ओर, पिछले एक सप्ताह से सैक्टर-4 स्थित बालभवन में चल रहे बालदिवस समारोह का आज समापन हो गया।

समारोह में चित्रकला प्रतियोगिता, समूह नृत्य, समूह गान, एकल गायन, फैंसी ड्रैस प्रतियोगिता व बेबी शो सहित अन्य सांस्कृतिक कार्यक्रम आयोजित किए गए। इसमें कक्षा पहली से लेकर कक्षा 12वीं तक के विभिन्न स्कूली बच्चों ने कला का प्रदर्शन किया।

समापन समारोह पर उपायुक्त राजेंद्र कटारिया मुख्यातिथि थे। उन्होंने बच्चों को पुरस्कार वितरित किए। इसी क्रम में सुधा सोसायटी द्वारा बाल दिवस के अवसर पर गरीब बच्चों को कपड़े व अन्य सामान वितरित किया गया। संस्था के चेयरमैन जी.के. भटनागर ने चाचा नेहरू के जीवन संबंधी जानकारी दी। इस अवसर पर बबीता, आशु आनंद, नेहा अरोड़ा, ऊषा जैन, नीलम जैन सहित अन्य गण्यमान्य लोग उपस्थित थे।

***बच्चों ने किए चाचा नेहरू के चित्र पर पुष्प अर्पित :*** भारत के प्रथम प्रधानमंत्री पं. जवाहर लाल नेहरू के जन्मदिवस पर फरुखनगर में बच्चों ने चाचा नेहरू के चित्र पर पुष्प अर्पित कर उन्हें याद किया। इस मौके पर समूह मान, खेल प्रतियोगिता, भाषण प्रतियोगिता, निबंध प्रतियोगिता का आयोजन किया गया।

विजेता बच्चों को ईनाम भी दिए गए। इस मौके पर बाल दिवस समारोह के संचालक कैप्टन सूरज प्रकाश ने कहा कि पं. नेहरू के देश की आजादी व आजादी के बाद दिए गए योगदान को भुलाया नहीं जा सकता। वे शांति दूत थे। उन्होंने लोगों को सदैव शांति का पाठ पढ़ाया। इस मौके पर निबंध प्रतियोगिता में अभिषेक शर्मा प्रथम, पूजा द्वितीय तथा खुशबू तृतीय रहीं। भाषण प्रतियोगिता में दीपांशु धनखड़ प्रथम, कमलकांत सैनी द्वितीय, सोनू तृतीय स्थान पर रहा। कविता पाठ में कोमल प्रथम, भावना द्वितीय तथा गुन्नू तृतीय स्थान पर रहा।



*साइबर सिटी में बाल दिवस पर गरीब बच्चों को सामग्री वितरित करते सुधा सोसायटी के पदाधिकारी एवं चित्रकला प्रदर्शनी में हिस्सा लेते बच्चे।* (परमजीत)

# नवभारत टाइम्स

भ... फिर बने किंग, दिखाई 'जीत की राह' - p15 | आडवाणी ने दिलाई सुनहरी कामयाबी - p14

सोमवार | नवंबर 15 | 2010

गुड़

NBT Gurgaon 3


# चिल्ड्रंस डे पर स्कूलों मे

# लगी मस्ती की क्लास

Praveen

**बाल दिवस के अवसर पर इंडस वर्ल्ड स्कूल में बाल मेले का आयोजन किया गया। इस मेले में बच्चों ने पॉटरी स्टॉल में गीली मिट्टी से छोटी-छोटी कलाकृति बना**

...लोक के गवर्नमेंट मॉडर्न स्कूल में रविवार को चाचा ... जन्मदिवस मनाया गया। इस ... कई सांस्कृतिक कार्यक्रमों और ... आयोजन किया गया। स्टूडेंट्स के पैरेंट्स ने भी इस कार्यक्रम में ... लिया। स्कूल का माहौल बेहद ख... दिखाई दे रहा था। पूरे दिन ... कार्यक्रम में स्टूडेंट्स ने अपनी प्रतिभा के जौहर दिखाकर खूब ... बटोरी।

स्कूल में लॉन्ग जंप, दौड़, फुटबॉल जैसी प्रतियोगिताओं का आयोजन किया गया। इतना ही नहीं हरियाणवी डांस के भी कई कार्यक्रम रखे गए। इसके अलावा, पेरेंट्स के लिए भी यहां दौड़ की प्रतियोगिता रखी गई थी। सभी ने इस दौड़ को काफी एंजॉय किया। इसमें म्यूजिकल चेयर, 100 मीटर दौड़ आदि शामिल थीं। बाल दिवस के मौके पर स्कूल में सैकड़ों की संख्या में स्टूडेंट्स शामिल थे।

क्लास फर्स्ट और सेकंड के लिए ... मीटर दौड़ (...) में पंकज फर्स्ट, ऋषभ सेकंड और अंकित थर्ड आया, जबकि लड़कियों में संजना फर्स्ट, प्रीति सेकंड और ईशा थर्ड रही। छठी और सातवीं क्लास की 100 मीटर लड़कों की दौड़ में राजुल फर्स्ट, कौसर सेकंड और भवेश थर्ड रहे, जबकि लड़कियों में ज्योति फर्स्ट, अनुपम सेकंड और रूबी थर्ड रही। फर्स्ट और सेकंड क्लास की लेमन रेस में लड़कों में ...जमत फर्स्ट, मुस्तजा सेकंड और अहम... थर्ड आया, जबकि लड़कियों में नेहा फर्स्ट, वंदना सेकंड और कल्पना थर्ड रही। इसी तरह छठी और सातवीं क्लास की 100 मीटर दौड़ में लड़कों में राजुल फर्स्ट, कौसर सेकंड और निखिल थर्ड रहे जबकि लड़कियों में प्रीति फर्स्ट, कोमल सेकंड और रेखा थर्ड स्थान पर रही। तीसरी से पांचवीं क्लास के लड़कों की 100 मीटर दौड़ में पपलेश फर्स्ट, साहिल सेकंड और दीपक थर्ड, वहीं लड़कियों में काजल फर्स्ट, टीना सेकंड और सीमा थर्ड स्थान पर रही। तीसरी क्लास की 100 मीटर लड़कों की दौड़ में हंस... फर्स्ट, ताहा सेकंड और हिम्मत थर्ड स्थान पर रही, वहीं लड़कियों में ज्योति फर्स्ट, रेनू सेकंड और सपना ने थर्ड रैंक प्राप्त की। लड़कों की थ्री लेग रेस में रंजन और सुमित फर्स्ट, मोहित और गौरव सेकंड और अनिल और रमेश थर्ड रहे, जबकि लड़कियों में राधिका और बबीता फर्स्ट, यशिका और अंजली सेकंड साथ ही चिंकी और नेहा थर्ड रही। लड़कों की लॉन्ग जंप में प्रवीण फर्स्ट, श्रीहंस सेकंड और राजुल थर्ड रहे वहीं लड़कियों में प्रीति ..., ...मा सेकंड और रेखा थर्ड ...

कहना है कि बाल दिवस के मौके पर यह कार्यक्रम आयोजित किया गया। स्टूडेंट्स में पूरा जोश दिखाई दिया। चीफ गेस्ट सुशील भारद्वाज और प्रिया भारद्वाज ने विजेताओं को इनाम दिए। साथ ही सभी प्रतियोगिताएं हाउस वाइज की गईं।

उधर, गरीब बच्चों के लिए काम करने वाली संस्था सुधा ने शहर के लोगों के साथ मिलकर सेक्टरों से इकट्ठा किए कपड़ों को गरीब बच्चों में वितरित किया गया। शीतला माता रोड पर आयोजित कार्यक्रम में संस्था के सदस्यों व शहर के जागरूक लोगों ने भाग लिया और गरीब बच्चों को कपड़े बांटें। बच्चों के लिए इन कपड़ों को सेक्टर-15 व साउथ सिटी पार्ट-2 के लोगों से इकट्ठा किया गया। इसमें झुग्गी-झोपड़ी में रहने वाले गरीब बच्चों को सर्दी से बचने के लिए गर्म कपड़े वितरित किए गए। सोसायटी के अध्यक्ष जी. के. भटनागर की अगुवाई में शहर के आम लोगों ने भी कार्यक्रम में भाग लिया और बच्चों को कपड़े वितरित किए। इस मौके पर संस्था के सदस्य मौजूद थे। शहर भर से आए गरीब बच्चों को सभी ने कपड़े दिए और शहर के लोगों से भी अपील की कि इस तरह से हमेशा काम करें। इससे किसी की जेब पर भी असर नहीं पड़ता। क्योंकि पुराने कपड़े फेंकने की बजाय अगर किसी गरीब को दे दिए जाएं तो वह उसके लिए सर्दी से बचाव में काम आ सकते हैं। इसलिए आम लोगों को जनसेवा के काम में आगे आना चाहिए।

वहीं, भवानी एनक्लेव में एनजीओ डेल यूथ कैंपेन के तहत चाचा नेहरू का जन्म दिन मनाया गया। इस अवसर पर बच्चों को स्वेटर भेंट किए गए। साथ ही उनको कंप्यूटर पात्रता का सर्टिफिकेट भी दिया गया। कार्यक्रम में बच्चों के मनोरंजन के लिए पेंटिंग कॉम्पिटीशन, के साथ कई गेम्स व कल्चरल प्रोग्राम आदि का आयोजन किया गया। डेल यूथ कनेक्ट गुड़गांव के इंजेक्युटिव त्रिवेदी शर्मा ने बताया कि चिल्ड्रंस-डे के अवसर पर गरीब तबके के बच्चों के लिए यह कार्यक्रम आयोजित कराया गया है। कार्यक्रम में बच्चों ने स्पोर्ट्स एक्टिविटी में भी भाग लिया। इसमें मटकी फोड़, म्यूजिकल चेयर, खो-खो आदि प्रतियोगिताएं करवाई गईं। इसके अलावा बच्चों द्वारा सामूहिक गान व कल्चरल प्रोग्राम भी पेश किए गए। इस अवसर पर डेल इंडिया कंप्यूटर की तरफ से लगभग 40 गरीब बच्चों को कंप्यूटर पात्रता सर्टिफिकेट भी वितरित किए गए। इसके साथ ही करीबन 100 बच्चों को गर्म स्वेटर भी दिए गए। यही नहीं बच्चों में खान-पान का सामान भी बांटा गया। इस अवसर पर मदनपुरी आरडब्ल्यूए प्रेजिडेंट चित्रेश अद... ...केश दुआ भी मौजूद थे। इस स्टडी सेंटर में रोजाना 1 से लेकर 7वीं क्लास तक के लगभग 350 गरीब बच्चे पढ़ते हैं।

Kailash Gathwal



सुशांत लोक के गवर्नमेंट मॉडर्न संस्कृति स्कूल में रविवार को स्पोर्ट्स प्रतियोगिता का आयोजन किया गया

आपकी आवाज़

# आज समाज

पूरी हक़ीक़त सारा ज़

, अंक-42, दिल्ली*, पृष्ठ-12+4, गुरुवार, 11 फरवरी 2010, शक संवत 1931, फाल्गुन कृष्णा 13, श्री विक्रम संवत 2066, माघ मास की 29 प्रविष्टे, 26 सफर, सन हिजरी 1431, त्रयोदशी



## बच्चों का सुधार करेगी सुधा

**गुड़गांव।** सामाजिक संस्था सुधा ने अपने कार्यक्रम 'सुधा से सुधार' के अंतर्गत बुधवार को वेमले स्टेट के निकट अपना तीसरा ओपन स्कूल खोला। स्कूल का उद्घाटन करते हुए आर्ट ऑफ लीविंग की शिक्षिका बबीता अग्रवाल ने संस्था के प्रयासों की सराहना करते हुए कहा कि यहां गृहणियां स्वैक्षिक रूप से बच्चों को पढ़ाने के लिए आती हैं, यह अपने आप में अनूठा प्रयास है। संस्था के अध्यक्ष जीके भटनागर ने बताया कि स्कूल के उद्घाटन के बाद पहले दिन 40 बच्चों का पंजीकरण किया गया। इस अवसर पर वेमले स्टेट की बहादुरी, तबला वादक भरत कुमार, संगीता उत्तपल आदि मौजूद थे।

दैनिक भास्कर गुड़गांव
गुड़गांव | गुरुवार 21 जनवरी, 2010

# स्ट्रीट चिल्ड्रन के लिए खोला ओपन स्कूल

**गुड़गांव** | बसंत पंचमी के शुभ अवसर पर साउथ सिटी-2 में स्वंय सेवी संस्था सुधा से सुधार द्वारा आर्थिक रूप से कमजोर बच्चों के लिए ओपन स्कूल का शुभारंभ किया गया। इस स्कूल का उद्घाटन सपन्नदन हॉस्पिटल के सीईओ डा. राज देव पाट्रो ने किया। मौके पर एस.सिद्देश्वर स्कूल के अध्यक्ष राम किशन मुख्य अतिथि के तौर पर उपस्थित रहे। उन्होंने बच्चों और अभिभावकों को शिक्षा के महत्त्व के बारे में बताया। डा. राजदेव ने सभी अभिभावकों को संस्था की तरफ से खोले गए स्कूल का लाभ उठाने की सलाह दी। संस्था के अध्यक्ष जी.के भटनागर ने बताया कि संस्था की तरफ से यह तीसरा ओपन स्कूल खोला गया है।

दैनिक ट्रिब्यून, नयी दिल्ली, बृहस्पतिवार, 21 जनवरी, 2010
गुड़गांव/आसपास

**गरीब बच्चों का स्कूल खुला:** आज बसंत पंचमी के अवसर पर स्वय सेवी संस्था सुधा ने साउथ सिटी-2 में स्कूल न जाने वाले गरीब बच्चों के लिए एक स्कूल का शुभारम्भ किया। स्पेंडन अस्पताल के मुख्य कार्यकारी अधिकारी डा. राज देव पैट्रो ने दीप जलाकर शुरूआत की। इस अवसर पर एसएन सिद्धेश्वर स्कूल के अध्यक्ष रामकिशन गुप्ता, संस्था के अध्यक्ष जीके भटनागर, अक्षय कुमार, मंगल विश्वास आदि भी मौजूद थे। श्री भटनागर ने बताया कि ऐसे स्कूल रायपुर, छत्तीसगढ सहित दो और स्कूल भी चलाए जा रहे हैं।

# दैनिक भास्कर

भारत का सबसे बड़ा समाचार पत्र सम

राजतंत्र 5



गुरुवार

फरीदाबाद | 8 अप्रैल, 2010

वैशाख कृष्ण पक्ष-10, 2067



12 स्पो


## जरूरतमंद 41 बच्चों के स्वास्थ्य का परीक्षण

**गुड़गांव.** स्वयंसेवी संस्था सुधा के सहयोग से बुधवार को 41 जरूरतमंद बच्चों के स्वास्थ्य की जांच की गई। इन बच्चों को टॉनिक और दवाओं का भी निःशुल्क वितरण किया गया। डा. टी.राजदेव पाट्रो ने बच्चों का स्वास्थ्य परीक्षण करते हुए उन्हें सफाई पर विशेष ध्यान देने की सलाह दी। सुधा के अध्यक्ष जी.के. भटनागर ने बताया कि ये बच्चे सुधा संस्था द्वारा चलाए जा रहे स्कूल में पढ़ते हैं। इस मौके पर विभुर, प्रमोद, अनुराधा मलिक, नेहा अरोड़ा, संगीता और ए. चटर्जी आदि उपस्थिति रहे।



**गुड़गांव.** सुधा संस्था द्वारा आयोजित शिविर में बच्चों की जांच करते हुए डाक्टर।

भारत का सबसे बड़ा समाचार पत्र समूह

# दैनिक भास्कर



वि.विदेश 14 | गुरुवार | फरीदाबाद | 11 फरवरी, 2010
फाल्गुन कृष्ण पक्ष-13, 2066



12 स्पोर्ट्स

## श्रमिकों के बच्चों के लिए खोला स्कूल

**गुड़गांव |** सुधार सुधा संस्था ने बुधवार को वेमले स्टेट में श्रमिकों के बच्चों के लिए तीसरा ओपन स्कूल खोला। स्कूल का शुभारंभ आर्ट ऑफ लीविंग की शिक्षक बबीता अग्रवाल ने दीप प्रज्जवलित कर किया। उन्होंने संस्था की तरफ से खोले गए ओपन स्कूल के अनूठे प्रयास की सराहना की और कहा कि वह भी कभी-कबार इस स्कूल में बच्चों को पढ़ाने के लिए आएंगी। स्कूल में हाउसमेकर बच्चों को पढ़ाने का काम करेंगी। पहले दिन 40 बच्चों ने शिक्षा के साथ-साथ जीवन से जुड़ी शिष्टाचार की बातों की जानकारी हासिल की। इस दौरान तबला वादक भरत सहित सर्वप्रथम संस्था के अध्यक्ष जीके भटनागर मौजूद रहे।

दो व्यक्तियों के एक चित्त होने पर कोई कार्य असाध्य नहीं होता।

# गुड़गांव केसरी

MONDAY

सोमवार 1 फरवरी, 2010

## सुधा संस्था ने गरीब बच्चों के लिए किया कार्यक्रम

गुड़गांव, 31 जनवरी (अशोक) : गरीब बच्चों के कल्याण कार्यों में कार्यरत सामाजिक संस्था सुधा ने आर्य समाज उच्च विद्यालय माडल टाऊन में एक कार्यक्रम का आयोजन किया। संस्था के अध्यक्ष जी.के. भटनागर ने बच्चों को संबोधित करते हुए कहा कि वे अपने जीवन में रोल माडल बनें ताकि समाज की सेवा में अपनी भागीदारी दे सकें। शिक्षा के क्षेत्र में श्रेष्ठ प्रदर्शन के लिए छात्रा पूर्णिमा को सम्मानित किया गया। भजन एवं सांस्कृतिक कार्यक्रमों का आयोजन भी किया गया।

आपकी आवाज़ पूरी हक़ीक़त सारा ज़माना
# आज समाज
-97, दिल्ली*, पृष्ठ-12+4, गुरुवार, 8 अप्रैल 2010, शक संवत 1932, वैशाख कृष्ण 10, चैत्र मास की 26 प्रविष्टे, 22 रबिउस्सानी, सन हिजरी 1431, दशमी, आमंत्रण

...और पिछड़े इलाकों में विकास हो ...ों को रोजगार मिल गया तो... 06 | हरियाणा | दीपिका ने अपना वादा पूरा कर ही दिया। उन्होंने अभिनेता शम्मी कपूर के साथ बहुत ही...

## बच्चों के स्वास्थ्य की जांच की

**गुड़गांव।** सुधा स्वयं सेवी संस्था के तत्वाधान में बुधवार को विश्व स्वास्थ्य दिवस के उपलक्ष्य में 41 निर्धन बच्चों का स्वास्थ्य परिक्षण कार्यक्रम का आयोजन साउथ सिटी में किया। जिसमें डॉ. पेट्रो की देखरेख बच्चों के स्वास्थ्य की जांच की गई तथा बच्चों को टानिक एवं दवाइयां दी गई। डॉ.पेट्रो ने बच्चों को स्वास्थ्य संबंधी जानकारी देते हुए साफ सफाई से रहने की सलाह दी। संस्था के अध्यक्ष जीके भटनागर ने बच्चों को संबोधित किया। तथा कार्यक्रम में सहयोग देने के लिए अनुराधा मलिक, नेहा अरोड़ा, संगीता एवं ए.चटर्जी का धन्यवाद किया।

स्पोर्ट्स

अगले मैच में वापसी करूंगा : सचिन 10



विश्व अवलोकन

एनिस्टन खुद का परफ्यूम लांच करेंगी 11



PUNJAB KESARI Panipat

THURSDAY 8 April 2010

पंजाब केसरी


# 41 बच्चों ने करवाई स्वास्थ्य की जांच

गुड़गांव, 7 अप्रैल (अशोक) : सुधा स्वयंसेवी संस्था ने विश्व स्वास्थ्य दिवस पर नि:शुल्क स्वास्थ्य जांच शिविर लगाया जिसमें डा. टी. राजदेव पाट्रो व उनकी टीम ने 41 बच्चों के स्वास्थ्य का परीक्षण कर उन्हें दवाइयां भी दीं तथा उन्हें साफ-सुथरा रहने की जानकारी दी। संस्था के अध्यक्ष जी.के. भटनागर ने बताया कि संस्था निर्धन बच्चों के लिए अनेक कार्यों का संचालन कर रही है।

इस अवसर पर संस्था के पदाधिकारी अनुराधा मलिक, नेहा अरोड़ा, संगीता, ए. चटर्जी आदि भी उपस्थित थे।

nia.com । । राष्ट्रीय राजधानी संस्करण, गुरुवार, 11 फरवरी 2010 । । फाल्गुन कृष्ण पक्ष, त्रयोदशी, संवत 2066,

नईदुनिया

नईदुनिया मीडिया प्रा. लि. का प्रकाशन
दिल्ली-एनसीआर, इंदौर, जबलपुर, ग्वालियर, रायपुर, बिलासपुर और भोपाल (नवदुनिया) से प्रका

# गरीब बच्चों के लिए एक और स्कूल खुला

नईदुनिया संवाददाता



ओपन स्कूल के शुभारंभ पर बच्चों से बातचीत करती मुख्य अतिथि।

**गुड़गांव।** गरीब और अनाथ बच्चों के उत्थान के लिए बनाई गई 'सुधा' संस्था ने सोहना रोड पर अपनी तीसरी शाखा खोली। वेमेल स्टेट के पास खुली इस शाखा का मकसद 'सुधार सुधा से' नामक कार्यक्रम को आगे बढ़ाना है। बुधवार को इस शाखा का शुभारंभ आर्ट ऑफ लिविंग की शिक्षिका बबीता अग्रवाल द्वारा किया गया। इसमें 40 बच्चों ने भाग लिया।

संस्था के अध्यक्ष जीके भटनागर ने बताया कि मजदूर और निर्धन परिवार के इन बच्चों को मुख्य धारा से जोड़ने के उद्देश्य से सुधा काम कर रहा है। संस्था चाहती है कि यहां आने वाले बच्चों को शिक्षा के साथ जीवन से जुड़ी शिष्टाचार की सच्चाई बताई जाती है, जिसमें खाने के पहले हाथ धोना, नहाना, सुबह-शाम ब्रश करना, जैसी दैनिक जीवन से जुड़ी सच्चाई को सिखाया जाता है। भटनागर ने बताया कि सोहना रोड पर पहले से उनके दो स्कूल मौजूद हैं। तीसरा स्कूल खुलने से ज्यादा से ज्यादा गरीब तबके के बच्चों को फायदा पहुंचाया जा सकता है।

.com | राष्ट्रीय राजधानी संस्करण, गुरुवार, 8 अप्रैल 2010 | बैशाख कृष्ण पक्ष, नवमी, संवत 2067, शके 19

नईदुनिया

नईदुनिया मीडिया प्रा. लि. का प्रकाशन
दिल्ली-एनसीआर, इंदौर, जबलपुर, ग्वालियर, रायपुर, बिलासपुर और भोपाल (नवदुनिया) से प्रकाशित

ड़ रहा है पसीना ▶▶ 09 | जख्मों पर गमछा बांध लड़ते रहे जवान ▶▶ 13 | नहीं बढ़ेंगे एलपीजी के दाम

## शिविर में निर्धन बच्चों की सेहत जांची

**गुड़गांव।** गैर सरकारी संगठन 'सुधा' ने बुधवार को विश्व स्वास्थ्य दिवस के मौके पर 41 निर्धन बच्चों का स्वास्थ्य परीक्षण किया। डा. टी राज देव पाट्रो की देखरेख में साउथ सिटी पार्ट- 2 में यह शिविर लगाया गया। शिविर में डाक्टरों द्वारा बच्चों को दवाइयां व टॉनिक आदि भी दी गई। इस मौके पर डा. पाट्रो ने बच्चों को स्वास्थ्य संबंधी जानकारी देते हुए साफ- सफाई से रहने की हिदायत दी। इस अवसर पर संस्था के अध्यक्ष जीके भटनागर, नेहा अरोड़ा, संगीता तथा ए चटर्जी विशेष रूप से मौजूद थे। संस्था के अध्यक्ष ने कहा कि शहरों में रहने वाले निर्धनों की ओर विशेष ध्यान देने की जरूरत है।

# गुड़गांव मेल

साइबर सिटी का पहला सांध्य हिन्दी दैनिक

. मूल्य : 2.00 रुपए

गुड़गांव, गुरुवार, 21 जनवरी, 2010

website : www.


# बच्चों का भविष्य सुधार रही सुधा



-गुड़गांव मेल

सुधा द्वारा चलाए जा रहे स्कूल में मजदूरों के बच्चों को पढ़ाती एक अध्यापिका।

राहुल आहूजा

सोसायटी फॉर अललिफ्टमेंट एंड डेवलेपमेंट ऑफ ह्यूमन बिंगस बॉय एक्शन (सुधा) ने बसंत पंचमी के मौके पर साउथ सिटी-दो में रहने वाले मजदूरों को एक तोहफा दिया। संस्था ने मजदूरों के बच्चों के लिए यहां एक स्कूल खोला, जिसका उद्घाटन साउथ सिटी-दो स्थित स्पेंडन हास्पिटल के सीईओ डॉ. राज देव पात्रो ने किया। इस मौके पर एसएन सिद्धेश्वर स्कूल के अध्यक्ष

ने मौके पर मौजूद मजदूर व निर्धन वर्ग से अनुरोध किया कि वे अपने बच्चों को इस स्कूल में पढ़ने के लिए

संस्था के कार्यों की भूरि-भूरि प्रशंसा की और कहा कि समाज के लिए यह संस्था एक बेहतर कार्य कर रही

रामकिशन गुप्ता ने बच्चों व उनके अभिभावकों को शिक्षा के महत्व के बारे में बताया और बच्चों के उज्वल भविष्य की कामना की। इस अवसर पर ओाय कुमार, मंगल विश्वास, ऋषिराज, शिक्षक संगीता आदि मौजूद थी।

संस्था के अध्यक्ष जीके भटनागर ने अतिथियों का स्वागत किया और संस्था के बारे में विस्तारपूर्वक जानकारी दी।

उन्होंने बताया कि जल्द ही उनकी संस्था अन्य जगहों पर भी ओपन स्कूल खोलने जा रही है। इस स्कूल में मजदूर वर्ग के बच्चों को



-गुड़गांव मेल

... खोले गए स्कूल का उद्घाटन करते डॉ. राजदेव पात्रो।

आपका अखबार-आपके समाचार

# गुड़गांव मेल

साइबर सिटी का पहला सांध्य हिन्दी दैनिक

, मूल्य : 2.00 रुपए   गुड़गांव, गुरुवार, 28 जनवरी, 2010






# वंचित बच्चों के लिए ज्ञान की सुधा

## जनवरी, 2009 से सुधा ने शुरु की मुहिम, 60 बच्चे आ रहे हैं शिक्षा ग्रहण करने

**सतीश उपाध्याय**

गैर सरकारी संगठन सुधा के बैनर तले इन दिनों कुछ लोगों ने गलियों में भटकने वाले बच्चों को शिक्षा देने का बीड़ा उठाया है। संगठन से जुड़े लोग इन बच्चों को किताबी शिक्षा के साथ-साथ व्यवहारिक ज्ञान देने का भी प्रयास कर रहे हैं।

संगठन के अध्यक्ष जीके भटनागर ने बताया कि संगठन का उद्देश्य शिक्षा से वंचित मजदूरवर्ग के बच्चों को मुख्यधारा से जोड़ना है। उन्होंने बताया कि इसके लिए बच्चों को शहर के साउथएंड के पास साईबाबा मंदिर के सामने और साउथ सिटी टू में कालीमाता मंदिर के पास खुले आसमान के नीचे पढ़ाया जा रहा है। उन्होंने बताया कि पिछले साल 20 जनवरी से उन्होंने यह मुहिम शुरु की और आज उनके साथ कुछ लोग जुड़ चुके हैं जो कि इस काम में उनकी मदद कर रहे हैं।

उन्होंने जानकारी दी कि फिलहाल 60 बच्चे शिक्षा लेने के लिए आ रहे हैं और साथ ही इन्हें खाने से पहले हाथ धोना, नहाना, सुबह ब्रश करना और नमस्ते कहना जैसी दैनिक जीवन से जुड़ी शिष्टाचार की बातें भी सिखाई जा रही हैं। उन्होंने बताया कि देश में करोड़ों की संख्या में ऐसे बच्चे हैं जो शिक्षा और साधनों के अभाव में भीख मांगना और चोरी करना जैसी बुरी आदतों की चपेट में आ जाते हैं।

उन्होंने कहा कि इन बच्चों को भी शिक्षा पाने का उतना ही अधिकार है, जितना संपन्न घरों के बच्चों को है। यहां शिक्षा ले रहे बच्चे अंग्रेजी में अभिवादन, फलों के नाम, शरीर के अंगों के नाम जैसे शब्द आसानी से बोल लेते हैं।

यहां पढ़नेवाले लगभग पांच साल के बच्चे सूरज से जब हमने बातचीत की तो उसने बताया कि उसके मां-बाप मजदूरी करते हैं। जब उससे पूछा गया की बड़ा होकर वह क्या बनना चाहता है तो उसने बड़े आत्मविश्वास से कहा कि मैं आपके जैसा ही बनना चाहता हूं। यहां पढ़ने वाले कुछ और बच्चे भी भविष्य में अफसर बनना चाहते हैं।

जीके भटनागर ने बताया कि निकट भविष्य में इन बच्चों को स्कूलों में भेजने का विचार भी संगठन कर रहा है। उन्होंने बताया कि ऐसे बच्चों को व्यावसायिक शिक्षा देने की योजना भी संगठन बना रहा है।

संगठन से फिलहाल उर्वशी सैनी, एसपी गौड़, अशोक मेहतो, रामकिशन गुप्ता, नरेंद्र सिंह, आनंद, पूनम शाही और रितिशा शर्मा जुड़े हैं।

विविधा :

पितृत्व विवाद में तिवारी का डीएनए टैस्ट होगा p03

सम्पादकीय :

शिक्षा का अधिकार : ख्वाब-ए-सहर p04

# पंजाब केसरी

वीरवार, 8 अप्रैल, 2010 ◆ दिल्ली ◆ तदनुसार 26 चैत्र 2067

भारत का सर्वाधिक प्रसारित हिन्दी दैनिक । संस्थापक : शहीद शिरोमणि लाला जगतनारायण जी एवं अमर शहीद रमेश चन्द्र जी

http://www.punjabkesari.com । दिल्ली, जालन्धर, अम्बाला और जयपुर से एक साथ प्रकाशित । The Daily Punjab Kesari, Delhi

वर्ष : 28 / अंक : 97 । मूल्य 3.50 रुपए (10 नेपाली रुपए) (हवाई जहाज से 5 रुपए) । पृष्ठ संख्या 12+4=16 *

## गुड़गांव

पहली नजर




विश्व स्वास्थ्य दिवस के अवसर पर निर्धन बच्चों के स्वास्थ्य की जांच करते सुधा स्वयंसेवी संस्था के डा. टी.राजदेव पाटरो। (छाया : पंजाब केसरी)

### ● 41 बच्चों का स्वास्थ्य परिक्षण

गुड़गांव,(न): बुधवार 7 अप्रैल को सुधा स्वयं सेवी सस्था में में विश्व
स्वास्थ्य दिवस के अवसर पर 41 निर्धन बच्चों के स्वास्थ्य की जांच की
गई। यह जांच डा. टी राजदेव पाटरो मुख्य कार्यपाल अधिकारी स्पंदन
हॉस्पिटल की देखरेख में साऊथ सिटी-2 में की गई। स्वास्थ्य जांच कैम्प
बच्चों को नि:शुल्क टॉनिक, इंजेक्शन तथा दवाईया भी वितरित की गई।
डा. पाटरो एव जीके भटनागर अध्यक्ष सुधा संस्था में बच्चों को स्वास्थ्य संबंधी
जानकारी भी दी तथा बच्चों को साफ-सफाई से रहने की हिदायत दी। सभी
निर्धन बच्चे सुधा संस्थ द्वारा चलाए जा रहे ओपन स्कूल में पढ़ते हैं। यह
स्वास्थ्य जांच सुधा संस्था की ओर से की गई। इस अवसर पर अराधना
मलिक, नेहा अरोड़ा, संगीता एव ए चटर्जी विशेष रूप से इस कार्यक्रम में
बढ़चढ़ कर हिस्सा लेकर इसे सफल बनाया। अध्यक्ष जीके भटनागर ने कहा
कि शहरों में रहने वाले निर्धनों पर विशेष स्वास्थ्य की ओर ध्यान देना चाहिए।

विविधा :
पितृत्व विवाद में तिवारी का डीएनए टैस्ट होगा p03
सम्पादकीय :
शिक्षा का अधिकार : ख्वाब-ए-सहर p04

# पंजाब केसरी

वीरवार, 8 अप्रैल, 2010 ◆ दिल्ली ◆ तदनुसार 26 चैत्र 2067
भारत का सर्वाधिक प्रसारित हिन्दी दैनिक । संस्थापक : शहीद शिरोमणि लाला जगतनारायण जी एवं अमर शहीद रमेश चन्द्र जी
http://www.punjabkesari.com । दिल्ली, जालन्धर, अम्बाला और जयपुर से एक साथ प्रकाशित । The Daily Punjab Kesari, Delhi
वर्ष : 28 / अंक : 97 । मूल्य 3.50 रुपए (10 नेपाली रुपए) (हवाई जहाज से 5 रुपए) । पृष्ठ संख्या 12+4=16

## गुड़गांव

### पहली नजर



विश्व स्वास्थ्य दिवस के अवसर पर निर्धन बच्चों के स्वास्थ्य की जांच करते सुधा स्वयंसेवी संस्था के डा. टी.राजदेव पाटरो। (छाया : पंजाब केसरी)

### ● 41 बच्चों का स्वास्थ्य परिक्षण

गुड़गांव,(न): बुधवार 7 अप्रैल को सुधा स्वयं सेवी सस्था में में विश्व स्वास्थ्य दिवस के अवसर पर 41 निर्धन बच्चों के स्वास्थ्य की जांच की गई। यह जांच डा. टी राजदेव पाटरो मुख्य कार्यपाल अधिकारी स्पंदन हॉस्पिटल की देखरेख में साऊथ सिटी-2 में की गई। स्वास्थ्य जांच कैम्प बच्चों को निःशुल्क टॉनिक, इंजेक्शन तथा दवाईया भी वितरित की गई। डा. पाटरो एव जीके भटनागर अध्यक्ष सुधा संस्था में बच्चों को स्वास्थ्य संबंधी जानकारी भी दी तथा बच्चों को साफ-सफाई से रहने की हिदायत दी। सभी निर्धन बच्चे सुधा संस्थ द्वारा चलाए जा रहे ओपन स्कूल में पढ़ते हैं। यह स्वास्थ्य जांच सुधा संस्था की ओर से की गई। इस अवसर पर अराधना मलिक, नेहा अरोड़ा, संगीता एव ए चटर्जी विशेष रूप से इस कार्यक्रम में बढ़चढ़ कर हिस्सा लेकर इसे सफल बनाया। अध्यक्ष जीके भटनागर ने कहा कि शहरों में रहने वाले निर्धनों पर विशेष स्वास्थ्य की ओर ध्यान देना चाहिए।।

PUNJAB KESARI, Panipat

Thursday, 11 February, 2010

ंजाब केसरी

ी ही होगा टीम में : श्रीकांत | पेज 12

चुन ली गई है 'मौसम' की नायिका : शाहिद | पेज 14

पेज 13 | 'फ्रैश मीट' पर छिड़ा ि

29 माघ, विक्रमी सम्वत 2066 | www.punjabkesari.in | वीरवार 11 फरवरी, 2010 | कुल पृष्ठ 14+4+4

# गरीब बच्चे भी शिक्षा की मुख्य धारा में होंगे

गुड़गांव, 10 फरवरी (अनिल) : गरीब बच्चों को शिक्षा की मुख्य धारा में जोड़ने के लिए सुध सुधार संस्था ने बुधवार को सीसर ओपन स्कूल वैमले स्टेट के पास शुभारंभ किया। इसका उद्घाटन बबीता अग्रवाल कंपनी सैक्रेट्री शिक्षक आर्ट लिविंग ने दीप प्रज्वलित कर किया। बबीता ने बताया कि पहले ही दिन 40 बच्च जो निर्धन परिवार से हैं उन्होंने भी भाग लिया।

बबीता ने कहा कि संस्था का मुख्य उदेश्य है कि गरीब मजदूर के बच्चे जो शिक्षा की मुख्य धारा से नहीं जुड़ पा रहे हैं। उन्हें शिक्षा की धारा में लाना संस्था की पहली प्राथमिकता रहेगी।

# कार में साथ चलें तेल बचाएं

## स्यवंसेवी संस्था सुधा ने अनोखे ढ़ंग से मनाया वेलेंटाईन-डे

गुड़गांव मेल

गुड़गांव स्थित एक स्वंय सेवी संगठन ने अपने प्रयास से सुधार सुधा से कार्यक्रम के अंतर्गत एक अतिविशिष्ट वेलेन्टाइन डे समारोह का आयोजन आर्ट ऑफ लिविंग गुड़गांव जीने की एक कला के प्रशिक्षकों तथा स्वयं सेवकों के सहयोग से किया तथा नारा दिया कि कार में साथ चलें ईंधन बचायें सड़क की भीड़ कम करें। पांच सौ से अधिक सदस्यों ने इस समारोह में हिस्सा लिया। आप जब भी अपने कार्यालय, बाजार या थियेटर जाते हैं तो सड़क पर कारों की भीड़ देखकर परेशान हो उठते हैं। इस जटिल समस्या के समाधान का अत्यंत सरल उपाय है। हम आपस में कार के उपयोग में सहभागी बन कर सड़क की भीड़भाड़ से बच सकते है तथा प्रदूषण में कम कर सकते हैं। इसके लिये योजना सहयोग तथा परस्पर संपर्क की आवश्यकता है। इसके लिये हम अपने शहर को प्रदूषण मुक्त तथा आने वाली पीढ़ी के लिये मार्ग दर्शन दे सकते हैं। सुधा संस्था के संस्थापक अध्यक्ष जी.के. भटनागर जी ने कहा कि इस व्यवस्था से हम ईधन बचा सकते है, यातायात सुगम बना सकते हैं, गंतव्य स्थन तक कम समय में पहुंच है। साथ ही आपसी भाईचारा मजबूत कर सकते हैं। अतः इस वेलेनटाइन डे के शुभ अवसर पर परस्पर एक दूसरे के लिये लिये प्रेम भावना प्रदर्शित करें तथा नगर के लिए एक अच्छी व्यवस्था का शुभारम्भ करें साथ चलें, शांत रहे, पर्यावरण की रक्षा करें पूल करिये, कूल रहिये, ग्लोबल वार्मिंग से दूर रहिये संस्था ने इस भवन का विस्तार व्यवसायिक प्रतिष्ठान, प्रतिदिन यात्रा




करने वाले, युवा तथा अन्य वर्ग तक करने का निश्चय किया है। एक विलासिता पूर्ण कार में सफर करने के गर्व के बजाय साथ चलने के आनन्द का अधिक महत्व है। संस्था ने इस संदेश को परस्पर वर्तालाप, सेमिनार पोस्टर्स बेनसै, आरडब्ल्यूए, कार स्क्रीन, प्रतिज्ञा पत्र, होडिंग, स्टीकर्स तथा समान विचार धारा संस्थाओं के सहयोग से कार्यक्रम को आगे करने का संकल्प लिया। आर्ट ऑफ लीविंग के सहयोग से उठाया गया यह छोटा सा कदम भविष्य में बहुत सुखद परिणाम लाडर समाज को लाभान्वित करेगा। इस दो दिवसीय कार्यक्रम में संस्था के अध्यक्ष जी.के. भटनागर, उपाध्यक्ष रामकिशन गुप्ता एवं जनरल सेक्रटरी श्रीमति उर्वशी सैनी एवं आर्ट ऑफ लीविंग के शिक्षक एवं कोऑर्डिनेटर गुड़गांव चेप्टर अजय चावला, सीमा चावला, वंदना आदेश, प्रमोद कुमार, विजिता भटनागर, बबीता अग्रवाल, नरेश अग्रवाल, राकेश कुमार, मनीष, संदीप, सुमन, मनोज, नूतन, सबरवाल, सुरेश कुमार, भारतेन्दु, साकेत, सरोप्रिय एवं गोरी आदि इस कार्यक्रम पर उपस्थित थे। सुधा चार ओपन स्कूल निर्धन बच्चों के लिए निशुल्क शिक्षा तथा स्वास्थ्य सेवा की व्यवस्था कर रही है।

आपका अखबार-आपके समाचार

गुड़गांव मेल

साइबर सिटी का पहला सांध्य हिन्दी दैनिक

, मूल्य : 2.00 रुपए

गुड़गांव, बुधवार, 27 जनवरी, 2010




# सुधा संस्था ने मनाया गणतंत्र दिवस

पवन बागड़ी

सुधा संस्था ने साउथ सिटी में गणतंत्र दिवस मनाया । इस संस्था के सौजन्य से दो ओपन स्कूलों में बच्चों ने रंगारंग कार्यक्रम आयोजित किए। कार्यक्रम की शुरूआत मुख्य अतिथि सौम्या हस्तेकर ने तिरंगा झंडा फहराकर की। सांस्कृतिक कार्यक्रमों का आरंभ 'हम होंगे कामयाब एक दिन' गीत गाकर की। बच्चों ने अपनी कला का प्रदर्शन स्वंय तिरंगा झंडा बनाकर किया। संस्था के 65 बच्चों ने बढ़-चढ़कर भाग लिया। संस्था के अध्यक्ष जेके भटनागर ने व आर्ट ऑफ लीविंग के शिक्षक प्रमोद कुमार ने योगा, ध्यान के साथ-साथ मंत्रों का उच्चारण भी करवाया। सौम्या हस्तेकर ने जरूरतमंद एवं गरीब बच्चों को कपड़े, खिलौने और मिठाइयां बांटी। उन्होंने बच्चों को खेल - खेल में पढ़ाई का पाठ भी पढ़ाया। इस कार्यक्रम में संस्था के महासचिव उर्वशी सैनी, आशा अग्रवाल और राजकुमार मौजूद थे।

आपका अखबार-आपके समाचार

# गुड़गांव मेल

साइबर सिटी का पहला सांध्य हिन्दी दैनिक

, मूल्य : 2.00 रुपए

गुड़गांव, बुधवार, 27 जनवरी, 2010




## सुधा संस्था ने मनाया गणतंत्र दिवस

पवन बागड़ी

सुधा संस्था ने साउथ सिटी में गणतंत्र दिवस मनाया । इस संस्था के सौजन्य से दो ओपन स्कूलों में बच्चों ने रंगारंग कार्यक्रम आयोजित किए। कार्यक्रम की शुरूआत मुख्य अतिथि सौम्या हस्तेकर ने तिरंगा झंडा फहराकर की। सांस्कृतिक कार्यक्रमों का आरंभ 'हम होंगे कामयाब एक दिन' गीत गाकर की। बच्चों ने अपनी कला का प्रदर्शन स्वंय तिरंगा झंडा बनाकर किया। संस्था के 65 बच्चों ने बढ़-चढ़कर भाग लिया। संस्था के अध्यक्ष जेके भटनागर ने व आर्ट ऑफ लीविंग के शिक्षक प्रमोद कुमार ने योगा, ध्यान के साथ-साथ मंत्रों का उच्चारण भी करवाया। सौम्या हस्तेकर ने जरूरतमंद एवं गरीब बच्चों को कपड़े, खिलौने और मिठाइयां बांटी। उन्होंने बच्चों को खेल - खेल में पढ़ाई का पाठ भी पढ़ाया। इस कार्यक्रम में संस्था के महासचिव उर्वशी सैनी, आशा अग्रवाल और राजकुमार मौजूद थे।